गुरुवार, 12 दिसम्बर 2024

मौसम

तापमान 25 – 14
आर्द्रता 40%
सूर्योदय: 6:08 सूर्यास्त: 16:53

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष द्वादशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये




रेलवे के निजीकरण का प्रश्न नहीं उठता, फर्जी विमर्श न गढ़े विपक्ष: रेल मंत्री –पृष्ठ 7

सुविचार : वक्त के साथ घाव भर जाते हैं, लेकिन हादसों का शोर उम्र भर पीछा करता है।


RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# केंद्र को कार्रवाई कर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की रक्षा करनी चाहिए : ममता



**पूर्व मेदिनीपुर :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि केंद्र को हिंसा प्रभावित बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देनी चाहिए और लौटने के इच्छुक लोगों को वापस लाना चाहिए। ममता बनर्जी ने यह भी दावा किया कि फर्जी वीडियो जानबूझकर प्रसारित किए जा रहे हैं, क्योंकि कुछ वर्ग सांप्रदायिक तनाव भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। इस दिन, दीघा में जगन्नाथ मंदिर के निर्माण की समीक्षा के बाद, उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि हम बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के लिए सुरक्षा चाहते हैं। केंद्र सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। उसे उन लोगों को भी वापस लाना चाहिए जो भारत लौटना चाहते हैं। ममता ने कहा कि मैं पहले ही विधानसभा में (बांग्लादेश के संबंध में) कह चुकी हूं। कई फर्जी वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं और लोगों को गुमराह किया जा रहा है। भारत सरकार ने अपना प्रतिनिधि भेजा है, यह उनकी जिम्मेदारी है। मुझे जानकारी है कि वीजा जारी करने की प्रक्रिया बढ़ा दी गई है ताकि उस देश से अधिक लोग वापस आ सकें। उन्होंने कहा कि मुस्लिम धर्मगुरुओं ने भी बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों की आलोचना की है और उनके लिए सुरक्षा की मांग की है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि हमें जानकारी मिल रही है कि उड़ान और ट्रेन संचालित हैं, और वीजा तथा पासपोर्ट वाले लोग आ रहे हैं। एक भी भारत–बांग्लादेश सीमा बंद नहीं की गई है।

## मैं सभी की ऋणी, चाहती हूं 'इंडिया' गठबंधन में सब ठीक रहे : ममता

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को उन नेताओं का धन्यवाद व्यक्त किया जिन्होंने कहा है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की कमान तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख को सौंपी जानी चाहिए। ममता ने संवाददाताओं से कहा कि वह उन नेताओं और गठबंधन की कुशलक्षेम के लिए प्रार्थना करेंगी। ममता ने कहा कि मैं सभी की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे इतना सम्मान दिया है। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हूं। मैं चाहती हूं कि वे और उनकी पार्टी अच्छा करें। मैं यह भी चाहती हूं कि 'इंडिया' गठबंधन अच्छा करे। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने इस मुद्दे पर और कुछ कहने से इनकार किया। उल्लेखनीय है कि ममता बनर्जी ने पिछले सप्ताह वपिक्षी गठबंधन 'इंडिया' की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त किया था और कहा था कि यदि उन्हें अवसर मिला तो वह विपक्षी गठबंधन की कमान संभालने की मंशा रखती हैं। इसके कई घटक दलों के नेताओं ने उनका समर्थन करते हुए कहा कि बनर्जी को गठबंधन का नेतृत्व करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

## उच्चतम न्यायालय ने सड़क दुर्घटना पीड़ित के लिए मुआवजा राशि बढ़ाई

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने विवाह को जीवन का अभिन्न अंग मानते हुए बुधवार को 22–वर्षीय एक महिला को 50.87 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। महिला बचपन में सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण मानसिक रूप से अक्षम हो गई थी। शीर्ष अदालत ने दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा दी गई 11.51 लाख रुपये की मुआवजा राशि को लगभग पांच गुना बढ़ाकर 50.87 लाख रुपये कर दिया, जिसमें ''आय/कमाने की क्षमता का नुकसान'', ''दर्द और पीड़ा'', ''विवाह की संभावनाओं के समाप्त होने, ''परिचारक खर्च'' और ''भविष्य के चिकित्सा उपचार'' को भी शामिल किया गया।

## संजय मल्होत्रा ने आरबीआई के 26वें गवर्नर के रूप में कार्यभार संभाला

**मुंबई :** संजय मल्होत्रा ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 26वें गवर्नर के रूप में बुधवार को कार्यभार संभाल लिया। मल्होत्रा आज सुबह केंद्रीय बैंक के मुख्यालय पहुंचे, जहां आरबीआई के वरिष्ठ कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। केंद्रीय बैंक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मल्ह–ोत्रा के कार्यभार संभालने की जानकारी दी और कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। मल्होत्रा के कार्यभार संभालते समय डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे, एम राजेश्वर राव और टी रबी शंकर भी उपस्थित थे। राजस्थान के 1990 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी मल्होत्रा के पास बिजली, वित्त तथा कराधान जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता के साथ सार्वजनिक नीति में तीन दशक से अधिक का अनुभव है।



## प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज होगी सुनवाई

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 के कुछ प्रावधानों की वैधता को चुनौती देने वाली जनहित याचिकाओं पर आज सुनवाई करेगा। संबंधित कानून कहता है कि 15 अगस्त, 1947 को विद्यमान उपासना स्थलों का धार्मिक स्वरूप वैसा ही बना रहेगा, जैसा वह उस दिन था। यह किसी धार्मिक स्थल पर फिर से दावा करने या उसके स्वरूप में बदलाव के लिए वाद दायर करने पर रोक लगाता है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ इस मामले की संभवत: सुनवाई करेगी। इस मामले की सुनवाई विभिन्न अदालतों में दायर कई मुकदमों की पृष्ठभूमि में होगी, जिनमें वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद और संभल में शाही जामा मस्जिद से संबंधित मुकदमे शामिल हैं। इन मामलों में दावा किया गया है कि इन स्थलों का निर्माण प्राचीन मंदिरों को नष्ट करने के बाद किया गया था और हिंदुओं को वहां पूजा करने की अनुमति दिए जाने का अनुरोध किया गया है।

## एगरा नगरपालिका के पूर्व इंजीनियर के घर से 7 करोड़ नकद सहित करोड़ों के आभूषण बरामद



**पूर्व मेदिनीपुर :** राज्य की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने एगरा नगरपालिका के एक पूर्व इंजीनियर के घर से 7 करोड़ रुपये नकद व करोड़ों के आभूषण भी बरामद किए हैं। उक्त घटना से हड़कंप मचा गया है। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार को राज्य की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने नगरपालिका के इंजीनियर चंदन दास के कोलकाता के कसबा, एगरा स्थित फ्लैट व घर पर छापेमारी की। चंदन दास के एगरा के घर से कई अहम दस्तावेज बरामद किये गये हैं। पता चला है कि आर–ोपी इंजीनियर 2025 के फरवरी माह में अवकाश लेने वाला था। वह फिलहाल छुट्टी पर हैं। इससे पहले, आरोपी इंजीनियर को वित्तीय भ्रष्टाचार के आरोप में धूपगुड़ी नगरपालिका में स्थानांतरित कर दिया गया था। चंदन दास के खाते की जांच के लिए भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के अधिकारियों ने बैंक में भी अभियान चलाया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 2015 में पुलिस की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने हावड़ा के बाली में एक इंजीनियर के घर से 24 करोड़ रुपये के आभूषण जब्त किए थे।

## दिल्ली पुलिस ने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ सत्यापन अभियान शुरू किया



**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान के लिए बुधवार को एक अभियान शुरू किया। यह अभियान उपराज्यपाल सचिवालय द्वारा ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए जाने के एक दिन बाद शुरू किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, ''यह अभियान कालिंदी कुंज, शाहीन बाग और जामिया नगर इलाकों समेत दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में चलाया गया। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने घर–घर जाकर सत्यापन किया और उनके आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्रों की जांच की।'' अधिकारी ने कहा, ''कुछ निवासियों की पहचान संदिग्ध के रूप में की गई है। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें निरुद्ध केंद्र भेजा जा सकता है।'' दिल्ली के उपराज्यपाल सचिवालय ने दिल्ली के मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को शहर में रह रहे अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान करने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए दो महीने का एक विशेष अभियान शुरू करने का मंगलवार को निर्देश दिया था। पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि यदि प्रवासी अवैध रूप से रह रहे पाए गए या किसी अवैध गतिविधि में संलिप्त पाए गए तो मामला दर्ज किया जा सकता है।

## बांग्लादेश : अदालत का चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका पर अग्रिम सुनवाई से इनकार

**ढाका :** बांग्लादेश की एक अदालत ने राजद्रोह मामले में गिरफ्तार हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका पर अग्रिम सुनवाई से इनकार कर दिया और कहा कि पहले से तय तारीख दो जनवरी को ही सुनवाई होगी। अदालत के अधिकारियों ने बताया कि चटगांव मेट्रोपॉलिटन सत्र न्यायाधीश सैफ–उल इस्लाम ने याचिका को इसीलिए खारिज कर दिया क्योंकि अग्रिम सुनवाई की अनुरोध वाली याचिका दायर करने वाले वकील के पास संत की ओर से वकालतनामा नहीं था। अदालत के एक अधिकारी ने कहा, ''वकील रवींद्र घोष ने अग्रिम सुनवाई का अनुरोध तब किया जब एक अन्य वकील ने न्यायाधीश को बताया कि उनके (घोष के) पास संत की पैरवी करने के लिए कोई वकालतनामा नहीं है। इसके बाद न्यायाधीश ने याचिका खारिज कर दी।''




# गरीबों की जमीन कब्जा मुक्त कराएं, दबंगों को सबक सिखाएं अधिकारी : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ



**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को गरीबों की जमीनों को कब्जे से मुक्त कराने और अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को कानूनी सबक सिखाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और गरीबों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं, उनके खिलाफ बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात करके उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। उन्होंने प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए समस्याओं के त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया और लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा, सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे।

## पिछली सरकारों ने कुंद की उत्तर प्रदेश की युवा प्रतिभाओं की धार : मुख्यमंत्री

**बस्ती (उत्तर प्रदेश) :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों पर युवाओं की प्रतिभा की धार कुंद करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि राज्य के युवाओं को पलायन के लिए मजबूर किया गया। मुख्यमंत्री ने बुधवार को कर्मा देवी समूह के 15वें स्थापना दिवस समारोह में शिरकत की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों व शिक्षकों को सम्मानित किया। साथ ही ओमनी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर का शिलान्यास किया। आदित्यनाथ ने राज्य की पूर्ववर्ती सरकारों पर प्रदेश की प्रतिभाओं को कुंद करने का आरोप लगाते हुए कहा, 'जो निर्णय 50 वर्ष पहले होना चाहिए था, उसे समय पर न लेकर यहां के युवाओं को पलायन के लिए मजबूर किया गया।

## डिब्बाबंद खाने से जल्द बढ़ती है जैविक उम्र

यह मौजूदा वक्त की विडंबना है कि आय बढ़ने के साथ लोगों ने घर में बने खाने की बजाय डिब्बाबंद प्रसंस्कृत खाने को तरजीह देना शुरू कर दिया है। सूचना माध्यमों के जरिये तुरत-फुरत के खाने के विज्ञापनों का इतने आक्रामक ढंग से प्रचार किया जाता है कि बच्चे क्या, बड़े भी डिब्बाबंद खाने के मुरीद होने लगते हैं। यह जानते हुए कि यह उनकी सेहत पर भारी है। जब घर के बड़े-बुजुर्ग इससे बचाव की सलाह देते हैं तो वे इसे पुरातनपंथी सोच करार दे देते हैं। लेकिन डिब्बाबंद खाने की मुहिम चलाने वाले पश्चिमी देशों को भी अब अहसास हो चला है कि डिब्बाबंद खाने से समय से पहले बुढ़ापा दस्तक देने लगता है। खानपान की पश्चिमी संस्कृति के वाहक इटली में हुए एक शोध ने विकसित देशों को भी नींद से जगाया है। दरअसल, इटली के इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोलॉजी के एक हालिया शोध ने फिक्र बढ़ाने वाला निष्कर्ष दिया है कि डिब्बाबंद भोजन के जरूरत से ज्यादा सेवन से व्यक्ति का शरीर समय से पहले बूढ़ा हो जाता है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि इसके सेवन से हमारे शरीर की कोशिकाएं और ऊतक समय से पहले वृद्ध होने लगते हैं। यदि कोई व्यक्ति बहुत ज्यादा ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करता है तो बुढ़ापा जल्दी आएगा। इस शोध में करीब साढ़े बाइस हजार लोगों को शामिल किया गया। निष्कर्ष में पाया गया कि अधिक मात्रा में जंक फूड व प्रसंस्कृत भोजन का उपभोग करने वाले लोगों की जैविक उम्र अधिक दर्ज की गई। वैज्ञानिकों का दावा है कि हमारे खाने में शामिल प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ के मुक्त कण अन्य स्वस्थ अणुओं के विरुद्ध प्रतिक्रिया देते हैं। चिंता की बात यह है कि ये न केवल डीएनए व आरएनए बल्कि प्रोटीन को भी नुकसान पहुंचाते हैं। जिससे समय से पहले ही शरीर की कोशिकाएं मरने लगती हैं। अंततः शरीर समय से पहले बूढ़ा होने लगता है।

वहीं आशंका जतायी जा रही है कि रासायनिक पदार्थों द्वारा संरक्षित डिब्बाबंद खाना हमारे शरीर में सूजन भी पैदा कर सकता है। इतना ही नहीं कालांतर व्यक्ति मोटापा, हृदय रोग, दूसरी श्रेणी के मधुमेह व गठिया जैसे रोगों का भी शिकार हो सकता है। दरअसल, खाद्य पदार्थों का बाजार चलाने वाली कंपनियों की कोशिश होती है कि खाने को देर तक संरक्षित किया जाए। खाद्यान्न को प्रसंस्कृत करने के लिये सुरक्षित रखने वाले रासायनिक पदार्थों व सोडियम का भरपूर इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा अधिक मात्रा में चीनी तथा शरीर के लिये नुकसानदायक रसायन, वसा व कार्बोहाइड्रेट भी खाने को देर तक चलने लायक बनाने के लिये इस्तेमाल किए जाते हैं। जो आखिरकार हमारी सेहत से खिलवाड़ ही करते हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ कंपनियां अधिक मात्रा में स्टार्च का भी प्रयोग करती हैं। ये कालांतर शरीर में शूगर बढ़ने से मधुमेह का खतरा पैदा कर सकती हैं। अधिक तेल भी सेहत के लिये घातक होता है। सेहत वैज्ञानिक लंबे अरसे से कहते रहे हैं कि डिब्बाबंद खाना व जंकफूड शरीर में मोटापा बढ़ाता है। दरअसल, इसमें विद्यमान ट्रांस फैट कालांतर शरीर में कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा देता है। इससे बाद में कई तरह के रोग पैदा हो जाते हैं। विशेषकर दिल के रोगों के लिये यह घातक साबित हो सकता है। एक अध्ययन बताता है कि हाल के वर्षों में भारतीयों के खाने में डिब्बाबंद भोजन का हिस्सा बढ़ा है। एक भारतीय रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि नई पीढ़ी घरों में खाना बनाने के बजाय डिब्बाबंद खाने को तरजीह दे रही है। जो कालांतर गैर संक्रामक रोगों को ही बढ़ावा देता है। विडंबना यह कि मां-बाप के मना करने के बावजूद नई पीढ़ी के किशोर व बच्चे डिब्बाबंद खाने और फास्ट फूड को अपना मुख्य भोजन बना रहे हैं। यही वजह है कि बड़ी उम्र में होने वाले लाइफस्टाइल के रोग अब बच्चों व किशोरों में भी होने लगे हैं। निश्चित ही इटली में हुआ शोध हमारी आंख खोलने वाला होना चाहिए। लोगों को डिब्बाबंद भोजन से परहेज करने के लिये जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 12 दिसम्बर, गुरुवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष द्वादशी, 22:25 तक, नक्षत्र : अश्विनी, 09:51 तक, योग : परिघा, 15:16 तक, सूर्योदय: 6:08, सूर्यास्त: 16:53 चन्द्रोदय : 14:07, चन्द्रास्त: 02:37, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 12:50 से 14:09

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए परस्पर सहयोग की भावना बनाए रखने के लिए रहेगा। परोपकार के कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए किसी नए वाहन की प्राप्ति के लिए रहेगा। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलती रहेगी। आज आपकी खुशियों का ठिकाना नहीं रहेगा।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम रखने के लिए रहेगा। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आपके बॉस कार्यक्षेत्र में आपको कोई नया पद दे सकते हैं।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों को थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है। आपके कुछ नए विरोधी हो सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपके जीवनसाथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे। आपको अपने धन को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों में आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको किसी कानूनी मामले में किसी परिजन से कोई सलाह बहुत ही सोच समझ कर लेनी होगी।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपके मन में यदि किसी बात को लेकर संशय बना हुआ है, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे न बढ़ें।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव रहने से कुछ समस्याएं आ सकती हैं।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप किसी को धन उधार देने से बचें। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपके किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप कामों को करने में काफी जल्दबाजी दिखाएंगे। आपके रुके हुए काम भी पूरे होंगे।

## लालू की टिप्पणी के खिलाफ जदयू की महिला इकाई का प्रदर्शन

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी के एक दिन बाद जनता दल (यूनाइटेड) की महिला इकाई की नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पटना में बुधवार को एक विरोध मार्च निकाला और बिना शर्त माफी की मांग की। पटना के वीरचंद पटेल रोड पर स्थित जद(यू) कार्यालय से शुरू हुआ विरोध मार्च आयकर चौराहे के पास समाप्त हुआ। विरोध मार्च के दौरान बैनर और तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने लालू के खिलाफ नारे लगाए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 15 दिसंबर से प्रस्तावित राज्यव्यापी महिला संवाद यात्रा के बारे में पूछे जाने पर मंगलवार को राजद सुप्रीमो यादव ने विवादित बयान देते हुए कहा था, 'अच्छा है जा रहे हैं तो... नैन (आंख) सेकने जा रहे हैं।' यादव को बताया गया कि नीतीश कुमार दावा कर रहे हैं कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 225 सीट जीतेगा, इसपर उन्होंने कहा, 'पहले आंख सेकें न अपना, जा रहे हैं आंख सेकने।' उन्होंने दावा किया कि राजद के नेतृत्व वाला विपक्षी दलों का महागठबंधन 2025 में राज्य में सरकार बनाएगा।

## बलात्कार का मामला दर्ज नहीं होने पर धरने पर बैठी पीड़िता, अधिकारियों के हस्पक्षेप से प्राथमिकी दर्ज

**अमेठी (उत्तर प्रदेश) :** अमेठी जिले में बलात्कार का मामला दर्ज नहीं करने का आरोप लगाते हुए महिला बुधवार को यहां पुलिस उप-धीक्षक कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गई। हालांकि अधिकारियों ने हस्तक्षेप पर अमेठी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि लगभग 25 वर्षीय महिला अमेठी के पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंची और बाहर धरने पर बैठ गई। सूत्रों ने कहा कि महिला ने आरोप लगाया कि वह पिछले एक महीने से प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए पुलिस से मिन्नतें कर रही है, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। महिला ने आरोप लगाया कि 12 मार्च 2020 से एक व्यक्ति उससे शादी करने का वादा करके कई बार बलात्कार कर चुका है, अब वह अपने वादे से मुकर गया है। कथित बलात्कार पीड़िता ने कहा, 'मैं प्राथमिकी दर्ज कराने और न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रही हूं लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तो मुझे धरने पर बैठना पड़ा।'

## जयपुर में मुख्यमंत्री के काफिले से टकराई टैक्सी, एएसआई की मौत और छह अन्य लोग घायल



**जयपुर :** जयपुर में बुधवार को एक टैक्सी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काफिले में शामिल दो वाहनों को टक्कर मार दी जिससे यातायात पुलिस के एक सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) की मौत हो गई और चार पुलिसकर्मी समेत छह अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर दुख प्रकट किया है। पुलिस ने बताया कि हादसा बुधवार अपराह्न तीन बजकर 15 मिनट पर जगतपुरा इलाके में अक्षय पात्र चौराहे के पास हुआ जब मुख्यमंत्री लघु उद्योग भारती के एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे जिसमें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि थे। पुलिस के अनुसार इस दौरान गलत दिशा से आई एक टैक्सी ने मुख्यमंत्री के काफिले में आगे चल रहे वाहन को टक्कर मार दी। उसने बताया कि काफिले में शामिल एक अन्य वाहन की भी टैक्सी से टक्कर हो गई। जयपुर पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि हादसे में पांच पुलिसकर्मी आमीर हसन, सुरेंद्र सिंह, बलवान सिंह, राजेंद्र सिंह और देवेंद्र सिंह घायल हो गए जिन्हें नजदीकी अस्पताल जीवन रेखा में भर्ती करवाया गया।

## समाज के सभी वर्गों को अधिकार देने की जरूरत : सोरेन



**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को कहा कि समाज के सभी वर्गों, विशेषकर वंचितों और शोषितों को अधिकार दिए जाने की जरूरत है। सोरेन ने यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक को संबोधित किया। बाद में 'एक्स' पर एक पोस्ट में सोरेन ने कहा, आज रांची में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक में शामिल हुआ। संघर्ष से उपजी पार्टी है झारखण्ड मुक्ति मोर्चा। यही कारण है कि हमने हमेशा हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी है। लड़कर जीत हासिल की है, कभी हार नहीं मानी है।' उन्होंने कहा, 'विगत विधानसभा चुनाव में आप सभी कर्मठ नेताओं और जुझारू कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत तथा करोड़ों राज्यवासियों के आशीर्वाद के फलस्वरूप झारखण्ड में मजबूत अबुआ सरकार का गठन हुआ। आप सभी को इसके लिए हार्दिक बधाई और जोहार।' उन्होंने कहा, 'आने वाले समय में हमें झामुमो परिवार की जड़ों को राज्य के प्रत्येक कोने में पंहुचा मजबूत करने का काम करना है; वंचित, शोषित समेत समाज के सभी वर्ग को हक-अधिकार देने का काम करना है।' झामुमो नीत गठबंधन 23 नवंबर को झारखंड में लगातार दूसरी बार सत्ता में आया था। उसने 81 सदस्यीय विधानसभा में 56 सीट हासिल की थीं, जबकि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 24 सीट मिली थीं।

## उप्र के जौनपुर में मुस्लिम अपना रहे हिंदू उपनाम



**जौनपुर :** जिले के एक गांव में कई मुस्लिम परिवारों ने दुबे, पांडे और तिवारी जैसे उपनाम अपना लिए हैं और उनका दावा है कि उनके पूर्वज हिंदू थे। यह परिवर्तन विशाल भारत संस्थान द्वारा चलाए जा रहे एक अभियान की देन है, जो राज्य के पूर्वांचल क्षेत्र में लोगों के बीच धार्मिक संघर्ष को समाप्त करने के लिए उन्हें 'अपनी जड़ों से जुड़ने' के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। नौशाद अहमद अब नौशाद अहमद दुबे हो गए हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे पता चला कि मेरे पूर्वज ब्राह्मण थे। मेरे पिता लाल बहादुर दुबे बाद में लाल बहादुर शेख के नाम से जाने गए।' केराकत तहसील के डेहरी गांव के निवासी नौशाद ने बताया कि वह नमाज और रोजा रखने जैसी इस्लामी प्रथाओं का पालन करते हैं लेकिन अब उन्होंने गायों की देखभाल भी शुरू कर दी है और उनके पास नौ गायें हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने अपना धर्म नहीं बदला है, मैंने अपने पूर्वजों के सम्मान में सिर्फ अपना उपनाम बदला है।' हालांकि, उनके परिवार के किसी भी अन्य सदस्य ने अपना उपनाम नहीं बदला है। इस अभियान ने गांव के अन्य लोगों को भी प्रेरित किया है, जहां मुस्लिम आबादी काफी अधिक है। शेख अब्दुल्ला, अब शेख अब्दुल्ला दुबे हो गए हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने दुबे उपनाम अपना लिया है, लेकिन इस्लाम धर्म का पालन करना जारी रखा है। उन्होंने हनुमान चालीसा या मूर्ति पूजा जैसे हिंदू अनुष्ठानों में शामिल होने से इनकार कर दिया। एक अन्य निवासी एहतेशाम अहमद ने अपने पूर्वजों के ब्राह्मण होने की बात को स्वीकार किया है लेकिन वह हिंदू उपनाम का उपयोग करने से परहेज करते हैं। उनका कहना था, 'उपनाम अपनाने का मतलब हिंदू रीति-रिवाजों का पालन करना नहीं है।' नौशाद को अपनी बेटी के विवाह के निमंत्रण पत्र पर अपना पूरा नाम छपवाने के बाद आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। उन्होंने बताया, 'कुछ लोगों ने अफवाह फैला दी कि मैंने अपना धर्म बदल लिया है, जिसके कारण शादी रद्द हो गई। हालांकि, मैंने किसी के सामने अपनी सफाई नहीं दी।' स्थानीय केराकत थाना प्रभारी अवनीश कुमार राय ने मंगलवार को नौशाद के परिवार को मिल रही धमकियों के बाद गांव में बैठक की।

## न्यूज अपडेट

### भारत की प्रगति को पचा नहीं पा रहीं कुछ ताकतें : धनखड़



**जयपुर :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि कुछ ताकतें भारत की प्रगति को पचा नहीं पा रहीं और इसे खंडित करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारतीयता हमारी पहचान है और हम राष्ट्रवाद से कभी समझौता नहीं कर सकते। धनखड़ यहां सोहन सिंह स्मृति कौशल विकास केंद्र के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा, कुछ ऐसी ताकतें हैं देश में और बाहर... जो भारत की प्रगति को पचा नहीं पा रहीं। देश को खंडित करने का, देश को विभाजित करने का, देश की संस्थाओं को अपमानित करने का काम सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने कहा, आम लोग महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं... हमें एकजुट होकर हर राष्ट्र-विरोधी 'विमर्श' को बेअसर करना होगा। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत 2047' अब सपना नहीं बल्कि लक्ष्य है। यह लक्ष्य निश्चित रूप से प्राप्त होगा। एक बयान के अनुसार धनखड़ ने कहा, हम भारतीय हैं, भारतीयता हमारी पहचान है। राष्ट्रवाद से हम कभी समझौता नहीं कर सकते। यह राष्ट्रवाद में निहित्त है कि देश का हर व्यक्ति अपने आप को समृद्ध और सुखी पाये और यह तभी संभव है, जब हमारी सोच कुटीर उद्योगों, ग्रामीण उद्योगों जाए।

### बलिया में तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**बलिया (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के मिश्रौली गांव में बुधवार दोपहर एक आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाई करने आए पांच वर्षीय बच्चे की केंद्र के पास स्थित तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार अंशुमान गुप्ता बुधवार सुबह साढ़े नौ बजे आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने आया और एक घंटे बाद साढ़े दस बजे बच्चों के साथ केंद्र के पीछे स्थित एक तालाब पर गया और डूब गया। बच्चों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंचे, जिसके बाद आनन-फानन में बच्चे को सियर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि आरोप है कि शिक्षकों की लापरवाही से यह घटना हुई है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### झारखंड सरकार ने 11,697 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट किया पेश

**रांची :** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 11,697.45 करोड़ रुपये का दूसरा अनुपूरक बजट बुधवार को पेश किया। इसमें महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को अधिकतम 6,390.55 करोड़ रुपये का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है। विधानसभा के चार दिवसीय सत्र के तीसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण के बाद अनुपूरक बजट पेश किया गया। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने पत्रकारों को बताया कि अनुपूरक बजट पर चर्चा बृहस्पतिवार को सत्र के अंतिम दिन होगी। ऊर्जा विभाग को 2,577.92 करोड़ रुपये का दूसरा सबसे बड़ा परिव्यय, इसके बाद गृह, जेल तथा आपदा प्रबंधन विभाग को 445.96 करोड़ रुपये और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को 574.69 करोड़ रुपये का परिव्यय प्रस्तावित है। सत्र के पहले दो दिन सभी 81 सदस्यों को शपथ दिलाई गई तथा नये अध्यक्ष का चुनाव किया गया।

### संभल में पुलिस ने की धर्म गुरुओं के साथ बैठक, धार्मिक स्थलों के बाहर लगे लाउडस्पीकर हटाने पर सहमति

**संभल (उत्तर प्रदेश) :** संभल जिले में पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को सभी धर्मों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की, जिसमें धार्मिक स्थलों के बाहर लगे लाउडस्पीकर सर्वसम्मति से हटाने का निर्णय लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने पत्रकारों से कहा, 'हमने सभी धर्मों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर की आवाज पूर्व निर्धारित निर्देशों के अनुसार रखने का निर्णय लिया गया। सभी ने सहमति जताई कि बाहर लगे लाउडस्पीकर हटाकर धार्मिक स्थलों के परिसर के अंदर रखे जाएंगे।' बैठक में मौजूद रहे मुफ्ती आलम रजा खान नूरी ने कहा, 'बैठक में सभी धर्मों के लोग मौजूद थे और लाउडस्पीकर को लेकर हुई चर्चा पर सभी ने सहमति जताई। चामुंडा मंदिर के महंत मुरली सिंह ने बताया कि लाउडस्पीकर की आवाज बहुत तेज न हो, इस पर सभी ने सहमति जताई।

### दिव्यांग बच्चों को उचित चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने का प्रबंध करे सरकार: इलाहबाद उच्च न्यायालय



**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार को दिव्यांग बच्चों के समग्र विकास के लिए सभी जिलों में उचित शैक्षणिक व चिकित्सा सुविधाओं का प्रबंध करने का निर्देश दिया है। एटा के एक सरकारी स्कूल में अध्यापिका के तौर पर कार्यरत शिवानी नाम की एक महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अजय भनोट ने यह आदेश पारित किया। महिला ने नोएडा या गाजियाबाद के किसी स्कूल में स्थानांतरण की मांग की है। अदालत को बताया गया कि याचिकाकर्ता का बेटा 'ऑटिज्म' से पीड़ित है और ऐसे बच्चों के इलाज के लिए एटा में बहुत उन्नत सुविधाएं नहीं हैं। इस तरह के बच्चों के इलाज के लिए नोएडा और गाजियाबाद में अच्छी सुविधाएं हैं, इसलिए मानवीय आधार पर तबादले का उनका अनुरोध स्वीकार किया जाए। इस पर अदालत ने कहा कि जैसा कि प्रदेश के कई जिलों में उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, प्रदेश सरकार को सभी जिलों में दिव्यांग बच्चों के समग्र विकास के लिए उचित शैक्षणिक व चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है। बेसिक शिक्षा अधिकारी के वकील ने अदालत को बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद के पास चिकित्सा आधार पर नोएडा या गाजियाबाद तबादला करने के लिए अनुरोध पत्रों का ढेर लगा है और इन सभी अनुरोधों को मानना असंभव है। इस पर अदालत ने कहा कि अकादमिक सत्र पूरा होने के बाद याचिकाकर्ता के तबादले पर कानून के मुताबिक निर्णय किया जा सकता है।

## वर्ग पहेली नं. 2943



➲ *बायें से दायें:-* 1) मसालेदार, 4) शिलान्यास; स्थापना; श्रीगणेश, 7) भागदौड़; सरगर्मी; उथलपुथल, 9) वातरोग; *आर्थराइटिस*, 10) उदाहरण, 12) तर्ज़; धुन; *ट्यून*; नाश, 13) संकेतक; बाण; तट, 14) तशरीफ़ लाना, 15) अवरोध; बाधा; हिचक, 17) संघ; जनसमूह; *सोसाइटी*, 19) चाबुक, 21) वार्ता, 22) अवांछित, 24) वफ़ा, 25) झेलना; बरदाश्त करना, 27) कृष्ण, 29) शृंखला; माला; *सीरीज*; अनवरत वर्षा, 30) अमीर, 31) इसरायली; *ज्यू*, 32) अनेक; विविध.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 2) आरंभिक कर्म, 3) स्थगन; ईंधन दुकान, 4) भंडार; भवन, 5) भागदौड़, 6) मोमदिल; क्षमाशील; हमदर्द; रहीम, 8) प्रचलित होना, 10) तिथि; तारीख़, 11) हंस; *क्रेन*, 14) जाँच, 15) विलंबित; ठहरा; रुका, 16) खुशामदी, 18) तीस दिन; *मंथ*, 19) सामूहिक गायन, 20) सप्ताह का एक दिन, 22) भोंदू; व्यवहार अकुशल, 23) कुश्तमकुश्ता; गुत्थमगुत्था; फौजदारी, 26) हरिद्रा; एक पीले रंग की मसालेदार जड़, 27) डिब्बा; मुक़दमा *(अंग्रेजी)*, 28) अब तक का जीवनकाल.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | ना | ■ | प | ह | रे | दा | र | ■ | अ |
| गृ | ■ | गा | ढ़ा | ■ | ह | ■ | घु | ट | न |
| ल | द्ध | ड़ | ■ | भ | न | क | ■ | ■ | गि |
| ख़ो | ■ | ना | म | ■ | दा | म | न | ■ | न |
| री | छ | ■ | ट | क्क | र | ■ | ग | ल | त |
| ■ | ह | ल | का | ■ | ■ | ते | र | ह | ■ |
| प | ■ | प | ■ | वि | शा | ल | ■ | रा | त |
| च | म | क | दा | र | ■ | ■ | सु | ना | मी |
| ड़ा | ■ | ना | ■ | ह | रा | भ | रा | ■ | ज़ |

## सुडोकू-पहेली-2903

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 7 | 2 |
| | 8 | | 5 | | | | | |
| | 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | 9 | 7 | | | |
| | | | | | | 1 | | |
| 3 | | | | | | | | |
| 7 | | 3 | | | | | 6 | |
| | | | 1 | 8 | | 5 | | |
| | | | 4 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2902 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 6 | 8 | 2 |
| 6 | 2 | 3 | 8 | 1 | 4 | 7 | 9 | 5 |
| 4 | 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 8 | 3 | 6 |
| 7 | 8 | 5 | 3 | 6 | 9 | 2 | 1 | 4 |
| 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 6 | 1 | 2 | 8 |
| 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 3 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 5 | 7 |

# राज्यपाल कुलपतियों की नियुक्ति में 'पोस्ट बॉक्स' की तरह काम कर रहे हैं : ब्रात्य बसु

❑ कुलपतियों की नियुक्ति में देरी के लिए राज्यपाल पर शिक्षा मंत्री ने साधा निशाना

❑ 'भवानीपुर ग्लोबल यूनिवर्सिटी विधेयक, 2024' ध्वनिमत से पारित



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस पर इक्का-दुक्का कुलपतियों की नियुक्तियों को मंजूरी देने और 'पोस्ट बॉक्स' की तरह काम करने का बुधवार को आरोप लगाया। इस दिन, राज्य विधानसभा में 'भवानीपुर ग्लोबल यूनिवर्सिटी विधेयक, 2024' पेश करते हुए ब्रात्य बसु ने 35 राज्य विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति में राज्यपाल की भूमिका की ओर अपना ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने दावा किया कि खोजबीन समिति द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची में से कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार उच्चतम न्यायालय द्वारा मुख्यमंत्री को दिये जाने के बावजूद, राज्यपाल मनमाने ढंग से नियुक्तियों को मंजूरी देते रहे हैं तथा अक्सर एक बार में केवल दो या तीन नामों का चयन करते रहे। उन्होंने राजभवन को एक 'पोस्ट बॉक्स' की तरह मानने के लिए राज्यपाल की आलोचना की और कहा कि बोस को संवैधानिक प्रावधानों का पालन करना चाहिए। बसु ने कहा कि कुलपतियों की नियुक्ति में देरी से विश्वविद्यालयों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। उन्होंने राज्यपाल पर बचकाना तरीके से काम करने का आरोप लगाया।

शिक्षा मंत्री ने भवानीपुर ग्लोबल यूनिवर्सिटी पर प्रकाश डाला, जिसका संचालन 'भवानीपुर एजुकेशन सोसाइटी' द्वारा किया जाएगा, जो कोलकाता में गुजराती समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाला एक ट्रस्ट है। यह परिसर दक्षिण कोलकाता में बी एल साहा रोड पर स्थित होगा। विधेयक की आलोचना करने वाले भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष के जवाब में ब्रात्य बसु ने कहा कि उत्तर प्रदेश और गुजरात जैसे कई भाजपा शासित राज्यों में कई निजी विश्वविद्यालय हैं, फिर भी शंकर घोष ने उन मामलों में आपत्ति नहीं जताई। शंकर घोष ने अपने भाषण में राज्य सरकार पर निजी बी.एड कॉलेजों और उच्च शिक्षा संस्थानों में भ्रष्टाचार को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने भ्रष्टाचार के मामलों में मंत्रियों समेत राज्य के शिक्षा विभाग के प्रमुख लोगों की गिरफ्तारी का भी जिक्र किया। तृणमूल कांग्रेस के नेता एवं राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम और मुख्य सचेतक निर्मल घोष ने अध्यक्ष से शंकर घोष के भाषण से गिरफ्तारियों का संदर्भ हटाने का आग्रह किया। अपने जवाब में ब्रात्य बसु ने कर्नाटक और दिल्ली जैसे राज्यों में राजनीतिक हस्तियों की इसी प्रकार की गिरफ्तारियों पर प्रकाश डाला, लेकिन साथ ही बताया कि इन राज्यों ने विवादों की परवाह किए बिना नए विश्वविद्यालयों के लिए विधेयक पारित करना जारी रखा। भवानीपुर ग्लोबल यूनिवर्सिटी विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया, जिसके बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

## तीन और बांग्लादेशी घुसपैठिए पुलिस के घेरे में



**कोलकाता :** बांग्लादेश में अस्थिर हालात को देखते हुए सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गयी है। हालांकि, तीन बांग्लादेशी नागरिक बीएसएफ की निगरानी से बचते हुए कंटीली तार वाली सीमा पार कर घुस आए। हालांकि, अंत बचाया नहीं जा सका। अशोकनगर थाने की पुलिस ने गुप्त सूत्रों से सूचना मिलने के बाद तीन अतिक्रमणकारियों को गिरफ्तार कर लिया। शिलांग पुलिस ने रविवार रात न्यूटाउन से तीन बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, तीन घुसपैठिये बांग्लादेश के खुलना जिले के रहने वाले हैं। दो महिलाओं और एक पुरुष को गिरफ्तार किया गया। सोमवार को, वे अवैध रूप से सीमा पार कर गए और अशोकनगर क्षेत्र 8 में कालीमंडी से सटे बादामतला में थे। वहां से उनकी हावड़ा जाने की योजना थी। गुप्त सूत्र से यह जानकारी मिलने के बाद तीनों पुलिस के जाल में फंस गये। मंगलवार को जब आरोपियों को बारासात कोर्ट में पेश किया गया तो जज ने उन्हें जेल में रखने का आदेश दिया।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमला मानवता का हनन : मनोज सिंह पराशर

### विश्व मानवाधिकार दिवस पर धर्मतल्ला में जनसभा




**कोलकाता, समाज्ञा**

बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर जिस प्रकार हमला किया जा रहा उन्हें चुन चुन कर निशाना बनाया जा रहा है, वह सरासर मानवाता व मानवाधिकार का हनन है। इस पर सरकार को उचित कदम उठाना चाहिए। उक्त बातें विश्व मानवाधिकार दिनवस के मौके पर धर्मतल्ला के रानी रासमणि रोड पर कमेटी फार प्रोटेक्शन आफ डेमोक्रेटिक राइट्स (सीपीडीआर) द्वार आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता मनोज सिंह पराशर ने कही। उनहोंने यह भी कहा कि जेल में उम्र कैद अथवा अन्य जुर्म में सजा काट रहे बुगुर्जों व बीमार कैदियों को रिहा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में हर एक घंटे में जेल की हिरासत में कैदी की मौत हो रही है। इस विषय में ध्यान देने की आवश्यकता है। इस सभा की अध्यक्षता संगठन के पश्चिम बंगाल अध्यक्ष दयामय विश्वास ने की। कार्यक्रम का संचालन दुलाल घोष ने किया। मौके पर उपस्थित मोहम्मद मोइनुद्दीन तथा राजीव जायसवाल एवं अन्य वक्ताओं ने भी अपना वक्तव्य रख।

## कूचबिहार को अलग राज्य घोषित करने की मांग पर 'रेल रोको' अभियान

❑ **पांच घंटे बाद आंदोलन लिया गया वापस, यात्रियों को हुई परेशानी**



**कूचबिहार :** ग्रेटर कूचबिहार पीपल्स एसोसिएशन (जीसीपीए) द्वारा अलग कूचबिहार राज्य की मांग को लेकर असम-पश्चिम बंगाल सीमा के जोराई रेलवे स्टेशन पर आंदोलनकारियों ने रेल रोको आंदोलन किया जिसकी वजह से बुधवार को दो रेलगाड़ियों का परिचालन रद्द कर दिया गया और कई रेलगाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के अलीपुरद्वार संभाग के जोराई रेलवे स्टेशन पर संगठन के नेता बंशी मदन के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सुबह 6.45 बजे आंदोलन शुरू किया और सुबह करीब 11.45 बजे इसे वापस ले लिया गया। आंदोलन वापस लेने के बाद सामान्य रेल यातायात बहाल हो सका। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे 'ग्रेटर कूचबिहार' के निर्माण के लिए दबाव बनाने के वास्ते अनिश्चितकालीन रेल रोको आंदोलन कर रहे हैं। एनएफआर के एक अधिकारी ने कहा कि सुबह हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी स्टेशन पर एकत्र हुए और पटरियों को अवरुद्ध कर दिया, जिसके बाद किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए बड़ी संख्या में आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया। उन्होंने कहा कि आंदोलन वापस लिए जाने के बाद रेल पटरियों की जांच की गई और उसे रेलगाड़ी परिचालन के लिए ठीक पाया गया। उस खंड पर रेलगाड़ियों का सुचारू संचालन प्रारंभ हो गया। उन्होंने कहा कि रेल रोको आंदोलन के कारण 22227/22228 न्यू जलपाईगुड़ी-गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस और 15704/15703 बोंगाईगांव-न्यू जलपाईगुड़ी-बोंगाईगांव एक्सप्रेस के परिचालन को रद्द कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि आठ रेलगाड़ियों के मार्ग को परिवर्तित किया गया है।

## बांग्लादेश के रास्ते बंगाल में घुसने की फिराक में आतंकी, तलाश में जुटी खुफिया पुलिस



**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में अशांति के बीच बंगाल में आतंकी संगठन हिजबुत तहरीर (हिज्ब-उत-तहरीर) के कुछ सदस्यों ने प्रवेश किया है। खुफिया पुलिस को पता चला है कि ये मालदह, मुर्शिदाबाद आदि मुस्लिम बहुल जिलों में युवाओं का ब्रेनवाश कर नेटवर्क बनाने की कोशिश में हैं। उन्होंने बांग्लादेश की सीमा से लगे कुछ इलाकों में स्लीपर सेल बनाने की भी कोशिश की है। खुफिया पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। सूत्रों ने बताया कि खुफिया एजेंसियों को यह भी जानकारी मिली है कि हिजबुत तहरीर के दो सहयोगी हाल ही में वैध बांग्लादेशी पासपोर्ट के साथ बंगाल आए। ये सदस्य छात्रों के रूप में आए और मालदह व मुर्शिदाबाद जिलों में स्थानीय युवाओं के साथ बैठकें कीं। खुफिया इनपुट के अनुसार इन्होंने शुरू में इन दोनों जिलों में युवाओं के साथ धार्मिक मुद्दों पर बातचीत की और उसके बाद सीमावर्ती जिलों में स्लीपर सेल खोलने के स्तर तक बातचीत की। इन दो बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान रिदवान मारूफ और सब्बीर आमिर के रूप में हुई है।

## लोकप्रिय लंबी दूरी की ट्रेनों के साथ जोड़े अतिरिक्त सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे ने लोगों की सुविधा के लिए लोकप्रिय मेल/एक्सप्रेस ट्रेन को पूरे वर्ष में न्यूनतम चार सामान्य द्वितीय श्रेणी डिब्बों के साथ संचालित करने का निर्णय लिया है। इस वित्तीय वर्ष में पूरे भारतीय रेलवे में 665 रेक के साथ चलने वाली 385 जोड़ी ट्रेनों में 957 द्वितीय श्रेणी कोच (एलडब्ल्यूएस) का उपयोग करके बढ़ाया गया है। इस पहल के हिस्से के रूप में, दक्षिण पूर्व रेलवे ने पिछले एक महीने में 7 लोकप्रिय मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच भी बढ़ाए हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो गया है कि ये ट्रेनें अब कम से कम चार ऐसे कोचों के साथ चलेंगी, जिससे अनारक्षित यात्रियों के लिए सामर्थ्य और आराम में वृद्धि होगी। इन ट्रेनों में 12839/12840 शालीमार-एमजीआर चेन्नई-शालीमार मेल, 12841/12842 शालीमार-एमजीआर चेन्नई-शालीमार कोरोमंडल एक्सप्रेस, 12810/12809 हावड़ा-सीएसएमटी मुंबई-हावड़ा मेल, 12863/12864 हावड़ा-एसएमवीटी बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस, 12867/12868 हावड़ा-पुडुचेरी-हावड़ा एक्सप्रेस, 12870/12869 हावड़ा-सीएसएमटी मुंबई-हावड़ा एक्सप्रेस, 22853/22854 शालीमार-विशाखापत्तनम-शालीमार एक्सप्रेस शामिल है।

## मोतीलाल ओसवाल ने जारी किया सालाना वेल्थ क्रिएशन स्टडी रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा**

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने अपना 29 वें सालाना मोतीलाल ओसवाल वेल्थ क्रिएशन स्डटी, 2024 जारी करने की घोषणा की। । मोतीलाल ओसवाल समूह के चेयरमेन रामदेव अग्रवाल, हर साल मोतीलाल ओसवाल वेल्थ क्रिएशन स्टडी रिपोर्ट जारी करते हैं। 29वां मोतीलाल ओसवाल वेल्थ क्रिएशन स्डटी, 2019 -2024 (मार्च अंत तक) की पांच वर्षीय अवधि के वेल्थ क्रिएशन स्डटी पर निष्कर्ष और गिरावट वाली ब्लू चिप कंपनियों से पूंजी सृजन 2 भागों में किया गया है।

मोतीलाल ओसवाल के 29वें वेल्थ क्रिएशन स्डटी अध्ययन में 2019-2024 की अवधि में शीर्ष 100 पूंजी सृजनकर्ता कंपनियों का विश्लेषण किया गया है।

पूंजी सृजन की गणना 2019 से 2024 (मार्च अंत तक) के बीच कंपनियों के विलय, डी - मर्जर्स, पूंजी जारी करने, बायबैक, लाभांश आदि जैसे कॉर्पोरेट कार्यों के विधिवत समायोजन के बाद के मार्केट कैप में बदलाव से की जाती है।

वर्ष 2019 से 2024 के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज़, अडाणी ग्रीन और लिंडे इंडिया-क्रमशः सबसे बड़े, सबसे तेज़ और सबसे सुसंगत पूंजी सृजनकर्ता हैं।

## मेट्रो में आत्महत्या... आधे घंटे तक बंद रही मेट्रो, परेशान हुए यात्री

**कोलकाता :** मेट्रो में कूदकर फिर आत्महत्या करने की कोशिश की गई। यह घटना एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन पर हुई। शख्स ने तेज रफ्तार मेट्रो के सामने छलांग लगा दी। आत्महत्या के कारण पार्क स्ट्रीट से गिरीश पार्क तक मेट्रो सेवाएं बाधित हो गईं। यात्रियों को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बुधवार शाम के 4:15 बजे का घटना है। मेट्रो रेल सूत्रों के मुताबिक, उस वक्त दमदम ट्रेन एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन आ रही थी। एक युवक अचानक उसके सामने कूद पड़ा। मेट्रो अधिकारियों को सूचित किया गया। मेट्रो लाइन को तुरंत डी-एनर्जेटिक कर दिया गया। युवक को बचा लिया गया। उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवक के मेट्रो के सामने कूदने के बाद पार्क स्ट्रीट से गिरीश पार्क तक मेट्रो सेवाएं रोक दी गईं। करीब 30 मिनट तक सेवा बंद रही। ऑफिस लौटने के समय मेट्रो सेवा बंद होने से यात्रियों को काफी परेशानी हुई। कई लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक परिवहन की व्यवस्था करते नज़र आए। शाम 4:45 बजे तक मेट्रो यातायात फिर से सामान्य हो गया। हालांकि मेट्रो सेवा लगभग आधे घंटे तक बंद रही और अगली मेट्रो में बहुत भीड़ थी। मेट्रो में चढ़ने के दौरान यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## राज्यसभा में तृणमूल उम्मीदवार की निर्विरोध जीत की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यसभा के लिए ऋतब्रत बनर्जी का नामांकन वैध घोषित कर दिया गया है। बुधवार को सचिवालय में उनके नामांकन पत्रों की जांच की गई। राज्यसभा में उनकी निर्विरोध जीत अब सिर्फ समय की बात है। बताया जा रहा है कि ऋतव्रत को अगले शुक्रवार को जीत का सर्टिफिकेट दिया जाएगा। तृणमूल शिविर ने शनिवार को ऋतव्रत बनर्जी के नाम की घोषणा की। इस बात की घोषणा इस दिन तृणमूल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर की। पोस्ट में लिखा है कि आगामी राज्यसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार के रूप में ऋतब्रत बनर्जी के नाम की घोषणा की जा रही है। उन्हें हृदय से बधाई, आशा है कि वह राज्यसभा में तृणमूल की योग्य विरासत को आगे बढ़ाएंगे और हर भारतीय के अधिकारों के लिए बोलेंगे।

## आईएचआरसी ने मनाया विश्व मानवाधिकार दिवस




**कोलकाता :** इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स काउंसिल के द्वारा होटल पोलो फ्लोटल में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। उक्त दौरान समाज के विभिन्न वर्ग के हस्तियों को सम्मानित किया गया। आईएचआरसी के संस्थापक चेयरमैन सनी साहा व वेस्ट बंगाल स्टेट बोर्ड अध्यक्ष सुकुमार दास ने बताया कि, समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवा कार्य के लिए पीरजादा आतिफ अली अल कादरी, अलीपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष जगदीश यादव सहित अन्य को सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर बौद्ध भिक्षु डॉ. अरुण ज्योति, संस्था के वेस्ट बंगाल स्टेट बोर्ड अध्यक्ष मोइनुल मोल्ला सहित गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, रानीगंज शाखा के वार्षिक साधारण सभा का आयोजन संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, रानीगंज शाखा के वार्षिक साधारण सभा का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रानीगंज स्थित श्री श्री सीतारामजी मंदिर में 5 दिसंबर को आयोजित इस सभा की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई।

सभा में रानीगंज शाखा के अध्यक्ष ओम प्रकाश बाजोरिया, शाखा के मार्गदर्शक एवं विशिष्ट समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद खेतान, सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सराफ, दुर्गापुर शाखा के अध्यक्ष नारायण सीकरिया, सचिव राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ब्रिज मोहन गुप्ता, रमेश बंसल, बांकुड़ा शाखा के सचिव मनोज बाजोरिया एवं रानीगंज शाखा के माननीय सदस्यगण अनिल लुहारूवाला, मंटू सुल्तानिया, अरूण भरतिया, राज कुमार अग्रवाल, सजन कुमार बगड़िया, ओमप्रकाश झुनझुनवाला, राजेश कुमार जिंदल, मनोज कुमार सिंघानिया, मदन लाल गुप्ता, अमित बजाज, ऋषि गोयनका, राजीव कुमार जैन, सुनील कुमार खैतान, कृष्ण कुमार तोदी, प्रदीप सरावगी एवं राजीव बाजोरिया सहित अन्य विशिष्ट जन उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुरुआत में ही रानीगंज शाखा से जुड़ने वाले नए 19 सदस्यों को मंचस्थ विशिष्ट जनों के साथ सम्मेलन की महिला सदस्य ज्योति बाजोरिया सहित अंजु बाजोरिया द्वारा सम्मानित किया गया। इसके उपरांत प्रदेश अध्यक्ष नंद किशोर अग्रवाल की अनुपस्थिति में उनके द्वारा भेजे गए पत्र संदेश सभी सदस्यों को पढ़कर सुनाया गया। शाखाध्यक्ष ओम प्रकाश बाजोरिया ने आगामी परियोजनाओं से सदस्यों को अवगत करवाया। जिनमें समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को कम से कम खर्च में पूर्ण विवाह कार्य संपादन की सुविधा प्रदान करना, आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी के बच्चों के शिक्षा में सहयोग, समाज में नारी शक्ति को अग्रधिकार प्रदान, कन्या के विवाह में हर संभव सहयोग आदि प्रमुख थे। शाखा के पथप्रदर्शक राजेंद्र प्रसाद खेतान ने सामाजिक समरसता एवं समाज को एकत्रित कर सुदृढ़ बनाने पर बल दिया।

प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सराफ ने प्रदेश की परियोजनाओं के बारे में सदस्यों को बताते हुए शाखाओं को प्रदेश की तरफ से हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इसके उपरांत सदस्यों से भी विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श कर उनके प्रस्तावों का पंजीकरण किया गया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन स्वीटी लोहिया ने किया।

## रेलवे ने 16 लंबी दूरी की ट्रेनों में अतिरिक्त सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच बढ़ाए

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे द्वारा अनारक्षित यात्रा को बढ़ावा देने के लिए विशेष कदम उठाया जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष में पूरे भारतीय रेलवे में 635 रेक के साथ चलने वाली 385 जोड़ी ट्रेनों में 957 द्वितीय श्रेणी कोच (एलडब्ल्यूएस) का उपयोग करके बढ़ाया गया है। इस पहल के हिस्से के रूप में, पूर्व रेलवे ने पिछले तीन महीनों में 16 लोकप्रिय मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच भी बढ़ाए हैं। इन 16 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के साथ अतिरिक्त सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच जोड़े गए हैं। जिसमें 12323/12324 हावड़ा-बाड़मेर-हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस, 12353/12354 हावड़ा-लालकुआं-हावड़ा साप्ताहिक सुपरफास्ट, 13025/13026 हावड़ा-भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस, 13021/13022 हावड़ा-रक्सौल-हावड़ा मिथिला एक्सप्रेस, 13071/13072 हावड़ा-जमालपुर-हावड़ा एक्सप्रेस, 12331/12332 हावड़ा-जम्मू तवी-हावड़ा हिमगिरी एक्सप्रेस, 12371/12372 हावड़ा-बीकानेर-हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस, 13009/13010 हावड़ा-योग नगरी ऋषिकेश-हावड़ा दून एक्सप्रेस, 12307/12308 हावड़ा-जोधपुर-हावड़ा एक्सप्रेस, 22307/22308 हावड़ा-बीकानेर-हावड़ा एक्सप्रेस, 12367/12368 भागलपुर-आनंद विहार-भागलपुर एक्सप्रेस, 13425/13426 मालदा टाउन-सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस, 22306/22305 जसीडीह-एसएमवीबी बेंगलुरु-जसीडीह एक्सप्रेस, 12315/12316 कोलकाता-उदयपुर सिटी-कोलकाता एक्सप्रेस, 12317/12318 कोलकाता-अमृतसर-कोलकाता एक्सप्रेस, 12321/12322 हावड़ा-सीएसएमटी मुंबई-हावड़ा एक्सप्रेस शामिल है।

## ब्लू लाइन पर रविवार को राज्य पात्रता परीक्षा परीक्षा के लिए विशेष मेट्रो सेवाएं

**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे राज्य पात्रता परीक्षा (एसईटी) के उम्मीदवारों के लिए 15 फ़रवरी(रविवार) को विशेष मेट्रो सेवाएं संचालित करने जा रहा है, जो पश्चिम बंगाल कॉलेज सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाएगी। उस दिन सुबह ब्लू लाइन पर चार विशेष सेवाएं (2 अप और 2 डाउन) संचालित की जाएंगी। दो विशेष सेवाएं कवि सुभाष स्टेशन से दक्षिणेश्वर के लिए यूपी दिशा में सुबह 08.00 बजे और 08.30 बजे रवाना होंगी। एक विशेष सेवा 08.00 बजे दमदम से कवि सुभाष के लिए डीएन दिशा में रवाना होगी। एक और विशेष डीएन सेवा 08.15 बजे दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष के लिए रवाना होगी। यह सेवा दमदम से सुबह 08.30 बजे उपलब्ध होगी। ब्लू लाइन पर रविवार की सेवाएं उस दिन हमेशा की तरह सुबह 09.00 बजे शुरू होंगी। उस दिन ग्रीन लाइन-2 (हावड़ा मैदान-एस्पलेनेड) पर सामान्य सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। ग्रीन लाइन-1, पर्पल लाइन और ऑरेंज लाइन पर कोई सेवा उपलब्ध नहीं होगी।

## आरपीएफ ने न्यू फरक्का रेलवे स्टेशन पर 12.5 लाख रुपये का गांजा किया जब्त, चार गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ रेलवे परिसर में कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी के तहत न्यू फरक्का रेलवे स्टेशन पर चलाए गए एक अभियान में आरपीएफ की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना से मिली जानकारी के आधार पर गत 9 दिसंबर को न्यू फरक्का रेलवे स्टेशन पर छापेमारी अभियान चलाया गया। आरपीएफ कर्मियों ने मालदह सीआईबी के सहयोग से चार व्यक्तियों को पकड़ा और 12.51 लाख रुपये का 125.15 किलो मारिजुआना (गांजा) जब्त किया। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान अजय सिंह (50), विकास कुमार सिंह (29), पप्पू कुमार सिंह (33) और आदर्श कुमार (26) के रूप में हुई। जो ट्रेन नंबर 15733 (फरक्का एक्सप्रेस) में यात्रा कर रहे थे। इसके बाद, आरोपी व्यक्तियों को जब्त किए गए नशीले पदार्थ के साथ आगे की जांच के लिए मालदह में सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) को सौंप दिया गया। कानूनी कार्रवाई शुरू करने के लिए रेलवे अधिनियम के उचित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

आरपीएफ द्वारा अवैध गतिविधियों से निपटने और रेल यात्रियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने में आरपीएफ और सीआईबी टीमों की अटूट प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

## टिकट के लिए अब लंबी कतारों में खड़े रहने की आवश्यकता नहीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** टिकट के लिए अब काउंटर पर लंबी कतारों में खड़े रहने की आवश्यकता नहीं है। रेलवे स्टेशन पर मौजूद स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) की मदद से आसानी से टिकट ले सकते हैं। पूर्व रेलवे के नेटवर्क में स्थापित कुल 572 एटीवीएम के साथ, यात्री अब एक सहज, स्व-सेवा टिकटिंग प्रक्रिया का आनंद ले सकते हैं। एटीवीएम की मशीनें सियालदह मंडल में 290, हावड़ा मंडल में 173, आसनसोल मंडल में 76, मालदह मंडल में 33 मशीने मौजूद है।

एटीवीएम का उपयोग करना सरल और उपयोगकर्ता के अनुकूल है। यात्रियों की सहायता के लिए चरण-दर-चरण मार्गदर्शिका दी गई है। एटीवीएम यात्रियों की सेवा के लिए चौबीसों घंटे चालू रहते हैं। इसका सहज डिजाइन यह सुनिश्चित करता है कि सभी उम्र के यात्री आसानी से मशीनों का उपयोग कर सकते हैं। पहली बार उपयोगकर्ता प्रक्रिया के माध्यम से मार्गदर्शन करने के लिए स्टेशनों पर उपलब्ध सुविधाकर्ताओं से सहायता ले सकते हैं। एटीवीएम के उपयोग से लंबी कतारों से बचा जा सकता है। कैशलेस भुगतान करने की भी सुविधा है। स्मार्ट कार्ड का उपयोग करने पर छूट दी गई है। 572 एटीवीएम की उपलब्धतता प्रौद्योगिकी और यात्री सुविधा के सम्मिश्रण के प्रति पूर्व रेलवे की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## पूर्व रेलवे ने टिकट चेकिंग अभियान किया तेज, बिना टिकट यात्रा करने वाले सावधान



**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन के बारासात-दम दम कैंट खंड पर बुधवार को एक व्यापक और सावधानीपूर्वक नियोजित टिकट-जांच अभियान चलाया गया। पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक डॉ. उदय शंकर झा के नेतृत्व में चलाए गए इस पहल का उद्देश्य जिम्मेदार यात्रा को बढ़ावा देना है। इस विशेष अभियान में 728 बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा गया। जिनसे 1,91,720 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा, बिना बुक किए गए सामान के लिए 150 रुपये और जुर्माने के रूप में 26,060 रुपये एकत्र किए गए। इस दौरान कुल 878 मामलों को पकड़ा गया जिनसे 2,17,780 रुपये का प्रभावशाली राजस्व प्राप्त हुआ।

रेलवे द्वारा निर्बाध यात्रा अनुभव की सुविधा के लिए, यात्रियों को आधुनिक टिकटिंग विकल्पों, जैसे मोबाइल पर यूटीएस, स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम), और क्यूआर कोड भुगतान की सुविधा प्रदान किया जाता है। इसके अलावा, जुर्माने से बचने के लिए सभी सामान रेलवे नियमों के अनुसार ठीक से बुक करने की सलाह दी जाती है। रेलवे के दिशानिर्देशों का पालन करने के साथ सभी यात्री एक सुचारू, सुरक्षित और परेशानी मुक्त यात्रा का अनुभव कर सकते हैं। पूर्व रेलवे के सतर्क टिकट-जांच दस्ते अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए लगातार और औचक अभियान चलाते रहेंगे।

### स्टेट बैंक बड़ाबाजार शाखा धोखाधड़ी मामला

# हाईकोर्ट ने सीबीआई से की रिपोर्ट तलब

**कोलकाता :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 2022 स्टेट बैंक बड़ाबाजार शाखा में सात करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी मामले में सीबीआई से प्रारंभिक रिपोर्ट तलब की है। क्योंकि जांच का जिम्मा भले ही सीबीआई के पास है लेकिन वो राज्य की इजाजत के बिना जांच नहीं कर सकती और इसी वजह से जांच अटकी हुई है। नतीजा यह हुआ कि बड़ाबाजार स्टेट बैंक के करीब सात करोड़ रुपए के घोटाले में राज्य की सहमति का मामला सामने आया।



पता चला है कि बैंक ने 2022 में सीबीआई में शिकायत दर्ज कराई थी। बैंक अधिकारियों का आरोप है कि इस घटना में एक व्यवसायी के साथ बैंक अधिकारी भी शामिल हैं।

घटना के बाद एसबीआई ने जांच के लिए सीबीआई को आवेदन दिया। सीबीआई ने जांच शुरू की लेकिन दो साल बाद, सीबीआई ने हाल ही में बताया कि वे राज्य की मंजूरी के बिना मामले की जांच नहीं कर सकते।

संयोग से, राज्य ने 2018 में सहमति वापस ले ली। परिणामस्वरूप, यदि राज्य में ऐसे मामलों की जांच उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बिना की जानी है, तो राज्य सरकार की मंजूरी आवश्यक है। इस मामले में सीबीआई जांच नहीं कर सकती। क्योंकि कुछ साल पहले कोयला घोटाला मामले में भी सीबीआई को इसी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ा था।

स्टेट बैंक के इस मामले को लेकर जस्टिस तीर्थंकर घोष ने आज कहा, मैं देखना चाहता है कि अब तक शुरुआती जांच में सीबीआई ने क्या पाया है। इसलिए एक जनवरी को सीबीआई को रिपोर्ट के साथ पेश होना है। अगर ऐसी इजाजत के लिए, जांच रोकी जाती है तो कई मामलों में लोगों का पैसा नहीं रोका जा सकता।इसलिए इसका स्थायी समाधान निकालने की जरूरत है।

इसलिए कलकत्ता हाई कोर्ट ने उनसे प्रारंभिक जांच रिपोर्ट मांगी क्योंकि कोर्ट को ये जानना है कि पहले दो साल में सीबीआई जांच कहां तक पहुंची है। इस मामले की अगली सुनवाई 21 जनवरी को तय की गई है। जांच रिपोर्ट उसी दिन सीबीआई को दी जाए। रिपोर्ट के बाद कोर्ट फैसला करेगा।

# विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा विधायक अशोक डिंडा को निराधार दावे करने पर दी चेतावनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने बुधवार को भाजपा के विधायक अशोक डिंडा को राज्य में प्रस्तावित खेल स्टेडियम के लिए केंद्र के धन आवंटन के संबंध में निराधार दावे करने के लिए आगाह किया। इस दिन, सत्र के पहले भाग में बिमान बनर्जी ने डिंडा से कहा कि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरूप विश्वास ने उन्हें दस्तावेज सौंपे हैं, जिनमें कहा गया है कि अशोक डिंडा के दावे झूठे और निराधार हैं। बिमान बनर्जी ने कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि कृपया सदन में इस तरह के निराधार दावे न करें। यह केवल सदन को गुमराह करने का काम करता है और इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जरूरत है। हालांकि, मैं अभी आपके खिलाफ ऐसा कोई कदम नहीं उठा रहा हूं, क्योंकि आप पहली बार विधायक बने हैं और आपको मौका दिया जाना चाहिए। न तो अशोक डिंडा और न ही भाजपा के किसी अन्य विधायक ने अध्यक्ष के चेतावनी भरे शब्दों का जवाब दिया। उल्लेखनीय है कि



अगस्त में अशोक डिंडा ने सदन को बताया था कि उन्हें केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा सूचित किया गया था कि केंद्र ने कूचबिहार में एक खेल स्टेडियम के लिए 200 करोड़ रुपये आवंटित किए थे, लेकिन राज्य ने तो इस सुविधा के लिए भूमि आवंटित कर रहा था और न ही धन के आवंटन एवं खर्च को सुविधाजनक बनाने में कोई रुचि दिखा रहा था। हालांकि, अरुप विश्वास ने उस समय डिंडा के दावों का कड़ा विरोध करते हुए कहा था कि वह यह साबित करने के लिए दस्तावेज मुहैया कराएंगे कि सदन को गुमराह किया जा रहा है और इस मुद्दे को अध्यक्ष कार्यालय के समक्ष उठाएंगे।

## अमेजन पे गिफ्ट कार्ड्स के साथ उपहार संस्कृति का एक दशक खुशी और उत्सव के साथ मनाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** ग्राहकों को उपहार देने की सुविधा और विविधता के साथ एक दशक की खुशी मनाने के अवसर पर, अमेजन पे ने घोषणा की कि उसने भारतीय ग्राहकों को एक बिलियन से अधिक गिफ्ट कार्ड्स सफलतापूर्वक वितरित किए हैं, जो भारतीय गिफ्ट कार्ड बाजार में इन कार्ड्स की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। पाइन लैब्स द्वारा क्विक सिल्वर ब्रांड नाम के तहत और अमेजन पे इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (अमेजन पे) के ब्रांड के साथ जारी किए गए इन गिफ्ट कार्ड्स की शुरुआत आर्थिक वर्ष 2014 में हुई थी। तब से, अमेजन पे गिफ्ट कार्ड्स ने लगातार ग्राहकों को मूल्य प्रदान किया है और साल दर साल दो अंकों की वृद्धि दिखायी है। अमेजन पे अब गिफ्ट कार्ड्स के एक विस्तृत विकल्प की पेशकश करता है, जिसमें अमेजन शॉपिंग वाउचर्स, अमेजन फ्रेश वाउचर्स, अमेजन प्राइम वाउचर्स और नए अमेजन गोल्ड वाउचर्स शामिल हैं।

## पॉक्सो और यौन उत्पीड़न मामलों में महिला पुलिस कर्मी ही दर्ज करेंगी शिकारत

**कोलकाता, समाज्ञा :** यौन उत्पीड़न और पॉक्सो कानून के तहत दर्ज होने वाली शिकायतों को अब महिला पुलिस कर्मी ही दर्ज करेंगी। इसके साथ ही यदि शिकायतकर्ता युवती रा नाबालिग है और उसके बयान रिकॉर्ड करने की आवश्यकता हो, तो यह कार्य भी महिला पुलिस कर्मी द्वारा ही किया जाएगा। यदि किसी थाने में महिला पुलिस कर्मी उपलब्ध नहीं है, तो अन्य थाने से महिला पुलिस कर्मी को बुलाकर यह प्रक्रिया पूरी की जाएगी। कोलकाता पुलिस मुख्यालय लालबाजार ने यह निर्देश दिए हैं। दरअसल, हाल ही में, पुलिस कर्मियों के लिए पॉक्सो कानून पर प्रशिक्षण और कार्यशाल-ाओं का आयोजन किया गया था। इन कार्यशालाओं में सभी थानों के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि इन मामलों में अदालत के



दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए। कार्यशाला में यह भी स्पष्ट किया गया कि पॉक्सो और यौन उत्पीड़न के मामलों में जांच अधिकारी कोई भी हो सकता है, लेकिन पीड़िता की शारीरिक जांच केवल महिला पुलिस अधिकारी की उपस्थिति में कराई जानी चाहिए। पॉक्सो और यौन उत्पीड़न के मामलों में जांच के दौरान बरामदगी और तलाशी प्रक्रिया के नियमों का पालन कैसे किया जाए, इस पर भी

# एनएचआरसी ने कोलकाता में सात माह की बच्ची से यौन उत्पीड़न की घटना का लिया स्वतः संज्ञान

### मुख्य सचिव व डीजीपी को नोटिस

**नई दिल्ली/कोलकाता :** कोलकाता में सात महीने के बच्चे को फुटपाथ से कथित तौर पर अगवाकर कुछ बदमाशों द्वारा उसका यौन उत्पीड़न करने की मीडिया रिपोर्ट का स्वत: संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए नोटिस जारी किया है। एनएचआरसी ने बुधवार को अपने बयान में कहा कि रिपोर्ट में एफआईआर की स्थिति, पीड़ित बच्चे के स्वास्थ्य और पीड़ित परिवार को दिए गए मुआवजे (यदि कोई हो) के बारे में जानकारी शामिल होने की उम्मीद है। इस दिन, आयोग ने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), भारत ने एक मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है जिसमें कहा गया है कि 30 नवंबर को कोलकाता में कुछ बदमाशों ने सात महीने की बच्ची को फुटपाथ से कथित तौर पर अगवा कर उसका यौन उत्पीड़न किया। बताया जा रहा है कि बच्ची एक बेघर दंपति की बेटी है। जब कुछ लोगों ने उसे देखा तो वह फुटपाथ पर लेटी हुई थी और पुलिस को सूचना दी। आयोग ने समाचार रिपोर्ट की सामग्री की जांच की है, जो अगर सच है तो बच्ची के मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा उठाती है। यह घटना पूरी तरह से अराजकता को दर्शाती है। आयोग ने कहा कि असामाजिक तत्व खुलेआम घूमते हैं और बिना किसी डर के किसी भी गैरकानूनी गतिविधि में लिप्त रहते हैं, इसलिए, आयोग ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, पश्चिम बंगाल को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

## हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान विदेश गए लोगों की मांगी सूची

**❑ 15 दिनों के भीतर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में हलफनामे के साथ सूची जमा करने का दिया निर्देश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने ऐसे सभी लोगों की सूची मांगी है, जिन्होंने मामला लंबित रहने के दौरान पिछले एक साल में विदेश यात्रा की है या काम के लिए विदेश गए हैं। बुधवार को जस्टिस जय सेनगुप्ता ने आदेश दिया कि अगले 15 दिनों के भीतर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में हलफनामे के साथ सूची जमा की जाए। यह स्पष्ट रूप से बताया जाना चाहिए कि लंबित मामलों के बावजूद किसे विदेश यात्रा की अनुमति दी गई है और किसे विदेश यात्रा की अनुमति नहीं दी गई है। मामले की अगली सुनवाई छह जनवरी को है। मामला लंबित होने के कारण किसी व्यक्ति को विदेश यात्रा करने से नहीं रोका जा सकता है। लेकिन जिस मामले के संदर्भ में आदेश जारी किया गया था, पासपोर्ट कार्यालय ने विचाराधीन व्यक्ति को क्लीयरेंस नहीं दी। कारण लंबित मामला बताया गया। इसके बाद वादी ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जस्टिस सेनगुप्ता ने संबंधित मामले की सुनवाई में कहा कि मंत्रालय गंभीर मामलों में फंसे कई लोगों को विदेश जाने की इजाजत देता है। अदालत ने आश्चर्य जताया कि किसी मामले को अपवाद क्यों माना गया। अधिकारियों ने यह कैसे मान लिया कि अभियुक्त को अदालत में दंडित किया जाएगा, इसलिए उसे विदेश यात्रा की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# धूलागढ से भारी मात्रा में गांजा बरामद, एक फरार, एक गिरफ्तार

**हावड़ा :** राज्य नारकोटिक्स सेल को बड़ी सफलता मिली है। नारकोटिक्स विभाग की विशेष टीम ने धूलागढ़ टोल प्लाजा के पास छापेमारी कर दो निजी वाहनों से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया। उनके पास से 97 किलो 650 ग्राम गांजा बरामद हुआ जिसकी बाजार कीमत लगभग 15 लाख रुपए है।पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया हैं। एक अन्य आरोपी फरार है। नारकोटिक्स सेल ने घटना की जांच शुरू कर दी है।गुप्त सूत्रों से सूचना मिलने के बाद मंगलवार की रात विशेष टीम ने सांकराइल थाना क्षेत्र के धूलागढ़ टोल प्लाजा के पास छापेमारी की। पुलिस ने वहां दो कारें जब्त कीं और 4 बोरियां बरामद कीं।



जब बैग खोले गए तो उनमें गांजा पाया गया। पता चला है कि यह मादक पदार्थ ओडिशा के भद्रक से हावड़ा और हुगली क्षेत्र में तस्करी के लिए लाया गया था। पहले से सूचना मिलने पर अधिकारियों ने दो कारों को हिरासत में लिया और उनकी तलाशी ली। काफी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद की गईं। विनोद केआर चौहान नाम के शख्स को पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। दूसरे वाहन का चालक मौके से भाग गया। सीआईडी की नारकोटिक्स सेल ने स्वत: संज्ञान मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

## सुनवाई के बीच विचाराधीन कैदी ने कोर्ट में की आत्महत्या की कोशिश

**हावड़ा, समाज्ञा :** एक विच-ाराधीन कैदी ने अपने गले पर ब्लेड चलाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। घटना बुधवार की दोपहर करीब 1:15 बजे हावड़ा कोर्ट चौराहे पर हुई। मंगेश बदलिया यादव नाम के विचाराधीन कैदी को घायल अवस्था में हावड़ा जिला अस्पताल ले जाया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मुंबई के कारोबारी मंगेश को गोलाबाड़ी थाने की पुलिस ने इसी साल मई में हावड़ा स्टेशन के न्यू कॉम्प्लेक्स के बाहर उसकी प्रेमिका की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया था। तब से वह हावड़ा जिला संशोधनागार में विच-ाराधीन कैदी था। इस दिन, उसे मामले की सुनवाई के लिए हावड़ा कोर्ट लाया गया था। वकीलों ने कहा कि उसने अचानक अपनी जेब से ब्लेड निकाला और अपने ही गले



पर वार कर लिया। कैदी के पास धारदार ब्लेड कैसे आया, इसे लेकर पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगे हैं। हालांकि, इस घटना पर क्रिमिनल कोर्ट बार लाइब्रेरी के सचिव गौतम धांग ने कहा कि इस घटना में लोगों के मन की मंशा के बारे में बात करना असंभव है। कौन कह सकता है कि ब्लेड कब और कैसे आएगा। जेल पुलिस प्रशासन को थोड़ी अधिक सतर्कता की जरूरत है।

## 'वह घर पूरी तरह से अवैध है', बीच सुनवाई में संदीप घोष के वकील ने किया वॉकआउट

**कोलकाता, समाज्ञा**

नगर निगम सुनवाई अधिकारी के घर में संदीप घोष के 'अवैध' घर की सुनवाई को लेकर मामला गर्म हो गया। सुनवाई बीच में ही रुक गई। संदीप घोष के वकील ने वॉकआउट किया। शिकायतकर्ता का दावा है कि मकान का डिजाइन नहीं मिला, मकान का कितना हिस्सा अवैध तरीके से बना है, इसकी जानकारी भी नहीं मिल पाई। उल्लेखनीय है कि कोलकाता नगर निगम ने पहले ही संदीप घोष के बेलेघाटा घर के निर्माण को 'अवैध' बताते हुए नोटिस लगा दिया है। उस मामले पर बुधवार को नगर परिषद में सुनवाई हुई। नगर निगम की ओर से सुनवाई के प्रभारी अधिकारी अंशुमान सरकार और शिकायतकर्ता शुरू से ही विवाद में उलझे रहे जिसके चलते सुनवाई बीच में ही रुक गई। संदीप घोष के वकील भी वॉकआउट किए।शिकायतकर्ता अंशुमान सरकार ने आरोप लगाया कि सुनवाई के लिए कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेजों की आवश्यकता है। इन्हें लाने में नगर पालिका की कोई सक्रिय भूमिका नहीं है। उन्होंने दावा किया कि नगर निगम संदीप घोष को बचाना चाहती है। यह स्पष्ट हो गया है।

दूसरी ओर, संदीप घोष के वकील का बयान, कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश कौशिक चंद्र की अदालत में इस संबंध में एक निलंबन आदेश प्राप्त हुआ। लेकिन नगर निगम सुनवाई कर सकती है। कई दस्तावेज आज नगर पालिका को नहीं दिखाए जा सके। जाते-जाते उन्होंने कहा कि वे अगले सुनवाई में आएंगे लेकिन यहां भी कई सवाल बने हुए हैं।लंबे समय तक समय मिलने के बाद भी संदीप घोष के मकान का नक्शा क्यों नहीं मिला, वहीं नगर निगम इसकी पुष्टि नहीं कर सकी कि कितना हिस्सा अवैध है? इतना हंगामा क्यों?

इसी बीच, उसी दिन सुनवाई अधिकारी के सामने अंशुमान सरकार ने जोर-शोर से दावा किया कि मकान पूरी तरह से अवैध है। ऐसे लटका नहीं सकते। नगर निगम कोई जानकारी क्यों नहीं जुटा सकी? उन्होंने ये सवाल भी उठाया।उन्होंने सुनवाई अधिकारी के सामने धमकी भी दी कि वह यह लड़ाई जारी रखेंगे। स्वाभाविक रूप से, पूरे मामले पर सुनवाई अधिकारी का कमरा गर्म हो गया।

## भाटपाड़ा में अशोक साव हत्याकांड में एक और आरोपित गिरफ्तार

### अबतक मामले में छह गिरफ्तारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाटपाड़ा में हुए तृणमूल नेता अशोक साव के हत्या के मामले में पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपित को मंगलवार की रात बेलघरिया जूट मिल इलाके से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शख्स का नाम सनवर अली उर्फ जासूस है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अशोक हत्याकांड के अन्य आरोपितों से पूछताछ के दौरान जासूस का नाम सामने आया था। इसके बाद से जगद्दल थाने की पुलिस सनवर की तलाश में जुट गयी थी। हालांकि, हत्या के बाद से जासूस अलग-अलग जगहों पर छिपकर रह रहा था। मंगलवार की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि जासूस बेलघरिया जूट मिल इलाके में है। इसके बाद, पुलिस ने छापेमारी कर जासूस को गिरफ्तार कर लिया। जासूस के गिरफ्तार होने के बाद इस हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपितों की संख्या छह हो गई है। उल्लेखनीय है कि भाटपाड़ा नगरपालिका के वार्ड 12 के पूर्व तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष अशोक की गत 13 नवंबर को विधानसभा उपचुनाव के दिन हत्या कर दी गई थी। वह एक चाय की दुकान पर बैठे थे। तभी, सात से आठ की बदमाशों ने हमला बोल दिया। दावा है कि कुछ राउंड फायरिंग के बाद बम भी फेंका गया था। आरोप है कि मुख्य आरोपित सुजल साव ने अपने भाई की हत्या का बदला लेने के लिए दल बल के साथ अशोक पर हमला किया था।

## नोपानी अल्लुमिनाइ एसोसिएशन ने नोपानी विद्यालय के पूर्व एवं वर्तमान शिक्षकों का किया सम्मान

**❑ शिष्यों ने थाली में गुरुओं के पाँव रखकर पखारे**

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री दौलतराम नोपानी विद्यालय के पूर्व छात्रों द्वारा गठित नोपानी अल्लुमिनाइ एसोसिएशन ने गत शनिवार को विद्यालय में विगत सात दशकों से पढ़ाने वाले शिक्षकों का सम्मान किया। गुरु उत्सव शीर्षक से आयोजित इस सम्मान समारोह से शिक्षकों में भी ख़ुशी दिखी। वर्षों तक विद्यालय के रेक्टर रहे ए सैमुएल राज 94 वर्ष की उम्र में भी आयोजन में पधारे और छात्रों को आशीष दिया। आयोजन के सूत्रधार वर्तमान ट्रस्टी एवं अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तुलस्यान ने सभी गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। सम्मानित किये गए शिक्षकों में दिव्येंदु सेन शर्मा, अवधेश राय, विनय कुमार त्रिवेदा, गिरिधर राय, अभय मिश्रा, आलेख शर्मा, आनंदन लीओन, अरुण



सरकार, अरुणावा कुंडू, अशोक कुमार सिंह, भास्कर बासु, कार्लटन होल्ट, अशोक कुमार सिंह, ईशा भट्टाचार्य, इशरत जहान, जयंती राहा, नबेंदु भट्टाचार्य, नीलांचल चट्टोराज, पार्थ सारथी चक्रवर्ती, पीयूष चतुर्वेदी, सीमा बिंदल राय, शांता चौधरी, सुदीप्ता पणिककर, अंजलि गुप्ता, बन्दना चक्रवर्ती, बिंदु गुप्ता, डेनियल गोम्स, दिलीप कुमार दास, जयंत कुमार भट्टाचार्य, जयदेव चटोपाध्याय, कल्पना भट्टाचार्य, कृष्णा बैद्य, कृष्णा चक्रवर्ती, ललिता अग्रवाल, मनीषा भट्टाचार्य, मीनाक्षी आनंद, मोनिका कोस्टा, नीलांजना चटर्जी, निवेदिता मजूमदार, नुसरत जहान, ओल्गा घोष, पूरबी घोष, रंजना पॉल, रिंकू दासगुप्ता, रूम चक्रवर्ती, रूपा मुख़र्जी, संघमित्रा दास, संगीता चौधरी, सरिता घोष, राजेश दुबे, रामपद माइती , श्यामल सिन्हा, सुशोभन भट्टाचार्य, राजेश मिश्रा, शिप्रा कुमार, शुक्ल सिन्हा, श्यामली राय, सीमा भौमिक, सोमा गुप्ता, वेदिका भुइयां प्रमुख थे। अल्लुमिनाइ की तरफ से सचिव आशीष सिंह, संयुक्त सचिव मनीष खयाल, संयोजक निखिल सुरेका एवं निखिल गिनोरिया आदि की सक्रियता से आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी विद्यालय के पूर्व छात्रों ने आपसे सुर और साज से अविस्मरणीय बनाया जिनमें मनीष यदुका, संजय थरड, समिट लाखोटिया आदि मुख्य थे। कार्यक्रम का संचालन संदीप कुमार लोहिया ने किया। कार्यकारिणी के मनीष बजाज, मितेश बागड़ी, सौरभ बेंगाणी, अभिषेक तापड़िया, अमित सुभाष जैन, आशीष अग्रवाल तथा प्रिंस अग्रवाल आयोजन को सफल बनाने में सारथी बने रहे।

## कोलकाता एयरपोर्ट पर घने कोहरे से उड़ानें बाधित, 24 फ्लाइट प्रभावित

**❑ कोहरे की वजह से राज्यपाल का फरक्का का दौरा भी रद्द**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सुबह घने कोहरे की वजह से बुधवार को नेत-ाजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर उड़ानों का संचालन कुछ घंटों के लिए बाधित रहा। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि इस मौसम में पहली बार इतनी कम विजिबिलिटी दर्ज की गई। कोहरे के कारण 18 घरेलू और 2 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की प्रस्थान में देरी हुई। इसके अलावा, 4 उड़ानों को अन्य हवाई अड्डों की तरफ मोड़ना पड़ा। इनमें से एक बेंगलुरु-कोलकाता फ्लाइट और दो मुंबई-कोलकाता फ्लाइट्स को हैदराबाद और भुवनेश्वर डायवर्ट किया गया। वहीं, बैंकॉक से कोलकाता आ रही अंतरराष्ट्रीय उड़ान को भी भुवनेश्वर की ओर मोड़ना



पड़ा। कोहरे की वजह से राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस का बीएसएफ हेलीकॉप्टर से मुर्शिदाबाद जिले के फरक्का का दौरा भी रद्द करना पड़ा। एयरपोर्ट डायरेक्टर प्रवीण रंजन बोरिया ने बताया कि कोहरे के कारण सुबह 4.18 बजे से 6.16 बजे तक उड़ानों का संचालन पूरी तरह रुका रहा। इस दौरान, 4.38 बजे से लॉग विजिबिलिटी प्रोसीजर (एलभीपी) लागू किया गया, जो 10.22 बजे मौसम सुधरने के बाद हटाया गया।

# नाबालिग से तीन माह तक लगातार दुष्कर्म, सौतेले पिता को आजीवन कारावास

**कोलकाता :** बारासात कोर्ट ने 13 साल की बच्ची से लंबे समय तक दुष्कर्म करने के दोषी सौतेले पिता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई । दोषी टुनटुनी सरदार (45) न्यूटाउन थाना क्षेत्र का रहने वाला है. कोर्ट सूत्रों के मुताबिक, पीड़िता की मां की 2021 की शुरुआत में मौत हो गई तब से 13 वर्षीय लड़की अपने सौतेले पिता के साथ रह रही थी।

कथित तौर पर टुनटुनी ने अपनी मां की मजबूरी का फायदा उठाकर उसकी सौतेली बेटी के साथ करीब तीन महीने तक बलात्कार किया। डर, शर्म और मां की कमी के कारण नाबालिग ने इस बारे में किसी को बताने की हिम्मत नहीं की। लेकिन धीरे-धीरे प्रताड़ना बढ़ती गई। आख़िरकार 17 अक्टूबर 2021 की शाम पीड़िता एक स्थानीय क्लब में गई और अपने सौतेले पिता के दुर्व्यवहार के बारे में बताया। इसके बाद क्लब के सदस्यों ने पड़ोसी महिलाओं से दुर्व्यवहार के बारे में बात करने की व्यवस्था की। पूरा मामला जानने के बाद न्यूटाउन थाने में शिकायत की गयी। अगले दिन 18 अक्टूबर को आरोपी के सौतेले पिता टुनटुनी सरदार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के खिलाफ पॉक्सो के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

यह मामला बारासात कोर्ट में करीब तीन साल दो महीने तक चला।मंगलवार को कोर्ट ने आर-ोपी को दोषी पाया। जज ने बुधवार को उसकी सजा का ऐलान किया। इस संदर्भ में इस मामले के सरकारी वकील गौतम सरकार ने कहा कि 14 गवाहों और सबूतों के आधार पर न्यायाधीश ने दोषी को 50,000 रुपये के जुर्माने के साथ आजीवन कारावास की सजा देने का आदेश दिया। साथ ही सरकारी नियमों के मुताबिक दोषी को मुआवजा भी देना होगा। पीड़िता को सरकारी मानदंडों के अनुसार वित्तीय सहायता सहित 50,000 मिलेंगे।

## प्रेमी ने प्रेमिका व उसके पति पर किया हमला, आरोपी फरार

**कोलकाता :** लंबे समय से चले आ रहे विवाहेतर संबंध को खत्म करने को लेकर प्रेमी ने गृहिणी और उसके पति पर हमला कर दिया। यह घटना उत्तर 24 परगना के बगदा में हुई ।पीड़िता के परिवार वालों ने पुलिस से संपर्क किया। घटना की जांच शुरू हो गई है।

मालूम हो कि आरोपी युवक का नाम अब्बास मंडल है। कथित तौर पर अब्बास का बगदा निवासी कोहिनूर मंडल के साथ विवाहेतर संबंध था। इसकी जानकारी होते ही महिला के परिवार में उथल-पुथल मच गई। एक समय ऐसा आया जब कोहिनूर ने अपने बॉयफ्रेंड से रिश्ता खत्म करने का फैसला कर लिया। अब्बास इसे स्वीकार नहीं कर सके. सूत्रों के मुताबिक अब्बास के परिवार के लोग मंगलवार दोपहर कोहिनूर गए थे। कहा कि उनका बेटा उनके बिना नहीं रहेगा। लेकिन दुल्हन ने रिश्ते से साफ इनकार कर दिया। कथित तौर पर, अब्बास और उसका परिवार गुस्से में आ गया। वे कोहिनूर और उसके पति से नाराज हैं। दंपती लहूलुहान हालत में गिर पड़े। उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

प्रभावित कोहिनूर की बहन का दावा है कि उसकी बहन का अब्बास से कोई रिश्ता नहीं था। युवक कोहिनूर को काफी देर तक गर्म करता रहा। बात नहीं मानने पर बहन गाली-गलौज करती थी। बुधवार की घटना उसी की देन है। पुलिस ने बताया है कि शिकायत दर्ज कर ली गई है।

## ड्यूरोप्लाई ने अपने वुड प्रोडक्ट्स पर दीमक और कीड़ों से जीवन भर के लिए सुरक्षा पेश की

**कोलकाता, समाज्ञा :** ड्यूरोप्लाई ने अपने वुड प्रोडक्ट्स जैसे प्लाईवुड, वीनियर, दरवाजे और ब्लॉकबोर्ड पर दीमक और कीड़ों के संक्रमण से जीवन भर के लिए सुरक्षा की गारंटी की पेशकश की है। ड्यूरोप्लाई ने 2016 से ही यह अनूठी गारंटी देकर इंडस्ट्री में नई मिसाल कायम की थी। यह कंपनी अपने ग्राहकों की जरूरतों को समझते हुए ऐसे प्रोडक्ट बनाती है, जो सिर्फ मजबूत और टिकाऊ ही नहीं, बल्कि पीढ़ियों तक भरोसेमंद बने रहते हैं। यह लाइफटाइम गारंटी ड्यूरोप्लाई के उत्पादों की उच्च गुणवत्ता और स्थायित्व को सुनिश्चित करती है। ड्यूरोप्लाई के एमडी और सीईओ, अखिलेश चितलंगिया ने कहा,हमने हमेशा अपने ग्राहकों के लिए ऐसी गुणवत्ता पेश करने पर जोर दिया है जो हर बार बेहतर हो। ड्यूरोप्लाई इंडस्ट्री में पहली ऐसी कंपनी है जिसने दीमक और कीट प्रूफ प्लाईवुड पर लाइफटाइम गारंटी देने का कदम उठाया है।

## कोलकाता की एयर क्वालिटी हुई खराब, बालीगंज ने उच्चतम एनओ2 वार्षिक औसत दर्ज किया : ग्रीनपीस रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** ग्रीनपीस इंडिया द्वारा जारी की गई एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर भारत से परे : सात प्रमुख भारतीय शहरों में नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओ2) प्रदूषण और स्वास्थ्य जोखिम, में कोलकाता में एनओ2 प्रदूषण के खतरनाक स्तर का खुलासा हुआ है। नाइट्रोजन डाइऑक्साइड एक लगभग अदृश्य जहरीली गैस है जो ट्रैफिक और ईंधन जलाने से निकटता से जुड़ी हुई है, जो शहरी क्षेत्रों में आम है। भारी मात्रा में वैज्ञानिक सबूत एनओ2 के जोखिम को प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों जैसे कि अस्थमा का खतरा, हवा के मार्ग से होती सूजन, श्वसन जलन और मौजूदा श्वसन स्थितियों के बिगड़ने से जोड़ते हैं। यह फेफडो के विकास को बाधित कर सकता है। एलर्जी को बढ़ा सकता है और श्वसन मृत्यु दर और सर्क्युलेटरी रोगों, इस्केमिक हृदय रोग और यहां तक कि फेफड़ों के कैंसर से मृत्यु की संभावना बढ़ा सकता है।



## न्यूज इन ब्रीफ

### वेस्टइंडीज ने 10 साल में पहली बार बांग्लादेश से वनडे श्रृंखला जीती



**बासेटेरे (सेंट किट्स एंड नेविस) :** तेज गेंदबाज जेडन सील्स के चार विकेट और सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग के आकर्षक अर्धशतक की मदद से वेस्टइंडीज में दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 79 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। वेस्टइंडीज ने पहले बांग्लादेश को 46 ओवर में 227 रन पर आउट कर दिया और फिर 36.5 ओवर में तीन विकेट पर 230 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

### ब्राजील में 24 जून से 25 जुलाई 2027 तक खेला जाएगा महिला विश्व कप

**ज्यूरिख :** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने मंगलवार को घोषणा की कि 2027 में होने वाला महिला विश्व कप ब्राज़ील में 24 जून से 25 जुलाई तक खेला जाएगा। यह पहला अवसर होगा जबकि दक्षिण अमेरिका के किसी देश में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। महिला विश्व कप में कुल 32 टीम भाग लेंगी। स्पेन इस टूर्नामेंट का मौजूदा चैंपियन है। उसने 2023 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की संयुक्त मेजबानी में खेले गए महिला विश्व कप को जीता था। संभावना है कि फीफा अगले साल टूर्नामेंट के लिए ब्राजील के मेजबान शहरों और स्टेडियमों की घोषणा करेगा। कुल 12 स्टेडियमों ने इसमें दिल-चस्पी दिखाई है जिनमें 2014 में पुरुष विश्व कप के मैचों मेजबानी करने वाले कई स्टेडियम भी शामिल हैं।

# मंधाना के शतक के बावजूद हारा भारत, ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से सूपड़ा साफ किया

**पर्थ :** सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के शतक के बावजूद भारत को तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 83 रन की हार के साथ 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा। अरुंधति रेड्डी (26 रन पर चार विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से भारत ने वाका पर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 78 रन कर दिया था लेकिन अनाबेल सदरलैंड (95 गेंद में 110 रन, नौ चौके, चार छक्के) के शतक से मेजबान टीम छह विकेट पर 298 रन का बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही। सदरलैंड ने एशलेग गार्डनर (50) के साथ पांचवें विकेट के लिए 96 और कप्तान तहलिया मैकग्रा (56) के



साथ छठे विकेट के लिए 122 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। इसके जवाब में भारतीय टीम मंधाना की 109 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के से 105 रन की पारी के बावजूद 45.1 ओवर में 215 रन पर सिमट गई। जब तक स्मृति क्रीज पर थी तब तक भारत की जीत की उम्मीद बंधी हुई थी लेकिन उनके आउट होने के साथ मेहमान टीम की सांत्वना जीत दर्ज करने की उम्मीद भी टूट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ऑफ स्पिनर एशलेग ने 30 रन देकर पांच विकेट चटकाए। लेग स्पिनर एलेना किंग ने भी 27 रन देकर दो विकेट हासिल किए। मंधाना को दूसरे छोर पर अन्य बल्लेबाजों से समर्थन नहीं मिला। एलेना ने हरलीन देओल (64 गेंद में 39 रन) को अपनी ही गेंद पर लपककर मंधाना के साथ उनकी दूसरे विकेट की 118 रन की साझेदारी का अंत किया जिसके बाद टीम ने लगातार विकेट गंवाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने पांचवें ओवर में ही रिचा घोष (02) का विकेट गंवा दिया जिन्हें मेगान शूट ने बोल्ड किया। टीम को कप्तान हरमनप्रीत कौर (22 गेंद में 12 रन) और जेमिमा रोड्रिग्ज (11 गेंद में 16 रन) से काफी उम्मीदें थी लेकिन इन दोनों ने निराश किया। सीनियर बल्लेबाज दीप्ति शर्मा भी खाता खोलने में नाकाम रहीं।

## विश्व शतरंज चैंपियनशिप : गुकेश और लिरेन के बीच 13वीं बाजी ड्रा रही

**सिंगापुर :** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश अपनी पूरी कोशिश के बावजूद चीन के गत चैंपियन डिंग लिरेन को नहीं हरा पाए जिससे बुधवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप की 13वीं बाजी में 68 चाल के बाद उन्हें ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। सफेद मोहरों से खेल रहे गुकेश और लिरेन के 6.5-6.5 अंक हो गए और क्लासिकल शतरंज की केवल एक बाजी बची है। इससे यह संभावना है कि मुकाबला 'टाई-ब्रेक' चरण तक बढ़ जाएगा जिसमें कम अवधि की बाजियों से विजेता का फैसला होगा। दोनों खिलाड़ियों ने 68 चाल के बाद ड्रॉ के लिए सहमति दी। 32 वर्षीय लिरेन ने पहली बाजी जीती थी जबकि 18 वर्षीय गुकेश ने तीसरी बाजी अपने नाम कर बराबरी हासिल की थी। इसके बाद दोनों ग्रैंडमास्टर्स ने लगातार सात ड्रॉ खेले। फिर गुकेश ने 11वें मुकाबले में जीत से 6-5 की बढ़त ले ली थी लेकिन लिरेन ने 12वें मैच में भारतीय खिलाड़ी को हराकर बराबरी हासिल कर ली। जैसा कि पूर्वानुमान था। 18 वर्षीय गुकेश ने अपनी शुरुआती चाल में 'किंग पॉन' चाल का प्रयास किया और फिर से उन्हें लिरेन के पसंदीदा 'फ्रेंच डिफेंस' का सामना करना पड़ा। गुकेश ने जहां शुरू में नये मूव अपनाये लेकिन चीन के खिलाड़ी ने फिर से शुरुआती चरण में बहुत समय लगाया, इससे शुरुआत से ही स्पष्ट था कि सफेद मोहरों के लिए मौका बहुत कम था। जैसे जैसे बाजी आगे चल रही थी, वैसे ही बीच की चालों को देखते हुए स्पष्ट हो गया कि यह ड्रॉ ही रहेगा। गुकेश को अच्छी तरह से पता था कि यह उनका आखिरी मौका हो सकता है इसलिए उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी और वह और फायदा उठाने की तलाश में लगे रहे। लेकिन लिरेन ने संयम बनाए रखा और जरूरत पड़ने पर गुकेश को परेशानी में डालते रहे। पर दोनों के प्रयासों के बावजूद बाजी ड्रॉ रही।

### ब्रूक टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे, गेंदबाजों में बुमराह नंबर एक पर कायम

**दुबई :** इंग्लैंड के हैरी ब्रूक अपने सीनियर साथी जो रूट की बादशाहत खत्म करके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए जबकि भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह गेंदबाजों और रविंद्र जडेजा ऑलराउंडरों की सूची में नंबर एक पर बने हुए हैं। पिछले सप्ताह वेलिंगटन में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने करियर का आठवां शतक बनाने वाले 25 साल के ब्रूक हालांकि अपने सीनियर साथी से केवल एक अंक आगे हैं। ब्रूक के कुल 898 रेटिंग अंक हैं और वह टेस्ट बल्लेबाजों में सर्वकालिक 34वीं उच्चतम रेटिंग के साथ भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर की बराबरी पर पहुंच गए हैं। रूट इस साल जुलाई से शीर्ष स्थान पर बने हुए थे। उन्होंने तब न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन को नंबर एक स्थान से हटाया था।

## चैंपियंस ट्रॉफी से हटने पर पाकिस्तान को होगा भारी नुकसान

**कराची :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगर चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन को लेकर चल रहे गतिरोध के कारण अगले साल फरवरी मार्च में होने वाली इस 50 ओवर की प्रतियोगिता से हटने का फैसला करता है तो उसको राजस्व के भारी नुकसान के अलावा मुकदमों का भी सामना कर पड़ सकता है और वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अलग-थलग भी पड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की प्रतियोगिताओं के आयोजन से जुड़े एक वरिष्ठ क्रिकेट प्रशासक ने बुधवार को पीटीआई को बताया कि अगर आईसीसी और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) हाइब्रिड मॉडल को पूरी तरह से स्वीकार करने से इनकार करते हैं तो पीसीबी के लिए टूर्नामेंट से हटने का फैसला करना आसान नहीं होगा। इस अधिकारी ने कहा, 'पाकिस्तान ने न केवल आईसीसी के साथ मेजबानी से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, बल्कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य सभी देशों की तरह उसने आईसीसी के साथ सदस्यों की अनिवार्य भागीदारी से संबंधित समझौते (एमपीए) पर भी हस्ताक्षर किए हैं।' उन्होंने कहा, 'आईसीसी की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एमपीए पर हस्ताक्षर करने के बाद ही कोई सदस्य देश आईसीसी प्रतियोगिताओं से होने वाली कमाई का हिस्सा पाने का हकदार होता है।' अधिकारी में कहा, 'सबसे महत्वपूर्ण बात किया है कि आईसीसी ने अपनी सभी प्रतियोगिताओं के लिए प्रसारक से समझौता किया है जिसमें उसने गारंटी दी है कि चैंपियंस ट्राफी सहित आईसीसी की प्रतियोगिताओं में उसके सभी सदस्य देश भाग लेंगे।' आईसीसी पिछले सप्ताह चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हाइब्रिड मॉडल से करवाने पर सहमति हासिल करने में सफल रहा था। इसके अनुसार भारत अपने मैच दुबई में खेलेगा। इसके अलावा आईसीसी की 2027 तक होने वाली प्रतियोगिताओं में यह व्यवस्था बरकरार रहेगी। इसकी हालांकि अभी तक औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

## रहाणे के तूफानी अर्धशतक से मुंबई सेमीफाइनल में, उत्तर प्रदेश को हराकर दिल्ली भी अंतिम चार में



**अलूर :** भारतीय टीम से बाहर चल रहे अजिंक्य रहाणे के तूफानी अर्धशतक से मुंबई ने बुधवार को यहां विदर्भ को छह विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 221 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में मुंबई ने रहाणे की 45 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों से 84 रन की पारी की बदौलत 19.2 ओवर में चार विकेट पर 224 रन बनाकर जीत दर्ज की। रहाणे और पृथ्वी साव (26 गेंद में 49 रन, पांच चौके, चार छक्के) ने पहले विकेट के लिए सात ओवर में 83 रन जोड़कर मुंबई को शानदार शुरुआत दिलाई। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज दीपेश परवानी ने पृथ्वी को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। कप्तान श्रेयस अय्यर (05) और भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव (09) ने जल्दी पवेलियन लौटे जिससे मुंबई का स्कोर 11.1 ओवर में तीन विकेट पर 118 रन हो गया। टीम को अंतिम आठ ओवर में जीत के लिए 104 रन की दरकार थी। रहाणे पारी के 16वें ओवर में 157 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटे। भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज शिवम दुबे (22 गेंद में नाबाद 37, एक चौका, दो छक्के) और सुयांश शेडगे (12 गेंद में नाबाद 36 रन, एक चौका, चार छक्के) ने इसके बाद चार से कुछ अधिक ओवर में 67 रन की साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले विदर्भ के लिए अथर्व ताइडे (41 गेंद में 66 रन, 10 चौके, एक छक्का) और अपूर्व वानखेड़े (33 गेंद में 51 रन, दो चौके, तीन छक्के) ने अर्धशतक जड़े जबकि शुभम दुबे ने 19 गेंद में तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 43 रन की उपयोगी पारी खेली। दूसरी तरफ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली ने उत्तर प्रदेश को 19 रन से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। दिल्ली ने अनुज रावत (33 गेंद में 73 रन, सात चौके, पांच छक्के) के अर्धशतक के अलावा प्रियांश रोड़ा (44) और यश धुल (42) की उपयोगी पारियों से तीन विकेट पर 193 रन बनाए।

## सिराज और हेड के बीच विवाद में कोई दुर्भावना नहीं: पोंटिंग



**दुबई :** रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के मोहम्मद सिराज और ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड के बीच मैदान पर हुए विवाद में 'शुरुआत में कोई दुर्भावना नहीं थी' और उन्होंने एडीलेड में दिन-रात्रि टेस्ट के दूसरे दिन हुई इस बहस को 'आकस्मिक' करार दिया। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 82वें ओवर में बाएं हाथ के बल्लेबाज हेड ने डीप स्क्वायर लेग पर छक्का लगाया जिसके बाद सिराज ने उन्हें बोल्ड कर दिया और ड्रेसिंग रूम की ओर जाने का इशारा किया। भारतीय तेज गेंदबाज सिराज पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और हेड को फटकार लगाई गई जबकि दोनों खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक-एक डिमेरिट अंक भी दिया। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू से कहा, 'अब पीछे मुड़कर देखने पर मुझे लगता है कि जिस तरह से यह सब हुआ वह आकस्मिक था। मुझे नहीं लगता कि शुरुआत में कोई दुर्भावना थी।' हेड ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि उन्होंने आउट होने के बाद सिराज से कहा था कि 'अच्छी गेंदबाजी की' लेकिन भारतीय गेंदबाज ने तीसरे दिन खेल शुरू होने से पहले इस दावे से इनकार किया। पोंटिंग ने कहा, 'मुझे पता है कि ट्रेविस ने कहा है कि उसने शुरुआत में कहा था कि 'अच्छी गेंदबाजी की'। सिराज बेशक डीप बैकवर्ड स्क्वायर पर छक्का लगने से खुश नहीं था।' पूर्व ऑस्ट्रेलिया कप्तान ने हेड को आउट करने पर सिराज की प्रतिक्रिया को उन स्थितियों से जोड़ा जिसमें गेंदबाज दबाव में आ जाते हैं।



## न्यूज इन ब्रीफ

### एनएचसी फूड्स लिमिटेड का 47.42 करोड़ रुपये का राइट्स इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए 5 दिसंबर से खुला

**कोलकाता, समाज्ञा :** मसाला, अनाज, तेलबीज, सूखा मेवा और अन्य कृषि उत्पाद के निर्यात व्यापार से जुड़ी गुजरात स्थित नेशनल हेल्थ कॉरपोरेशन फूड्स लिमिटेड का 47.42 करोड़ का राइट्स इश्यू 5 दिसंबर से सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हुआ है। 6 दिसंबर को प्रति शेयर 2.76 की मौजूदा बाजार कीमत के सामने कंपनी प्रति शेयर 1 रुपए की आकर्षक कीमत पर राइट्स इश्यू ऑफर कर रही है। राइट्स इश्यू 18 दिसंबर को बंद होगा। निवेशक कंपनी के राइट्स इश्यू में 1 रुपए की कीमत पर लेने / सब्सक्राइब करने के लिए राइट्स एनटाईटलमेंट्स भी खरीद सकते हैं। राइट्स अधिकारों के ऑन मार्केट त्याग की अंतिम तिथि 12 दिसंबर है। सूचित राइट्स इश्यू का राइट एंटाईटलमेंट्स 4:1 रेश्यो है। कंपनी प्रत्येक 1 की कीमत प्रति शेयर 1 रुपए की फेस वैल्यू के 47.42 करोड़ फुल्ली पेड अप इक्विटी शेयर्स इश्यू करेगी जिसका मूल्य 47.42 करोड़ है।

### सोना फिर 80,000 के पार, चांदी में लगातार तीसरे दिन उछाल

**नयी दिल्ली :** मजबूत वैश्विक रुख के बीच आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की लिवाली बढ़ने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना एक बार फिर से 80,000 रुपये के स्तर को लांघ गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 620 रुपये उछलकर करीब तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। मंगलवार को यह 79,780 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रखते हुए चांदी 1,450 रुपये उछलकर एक महीने के उच्चतम स्तर 96,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। मंगलवार को चांदी 94,850 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# निवेशकों के सतर्क रुख से बाजार में हल्की बढ़त, निफ्टी 32 अंक चढ़ा

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार निवेशकों के सतर्क रुख की वजह से बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में हल्की बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 16 अंक की बढ़त रही जबकि निफ्टी करीब 32 अंक चढ़ गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 16.09 अंक यानी 0.02 प्रतिशत बढ़कर 81,526.14 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 17 कंपनियों के शेयर गिरावट पर रहे। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी तीन दिन की गिरावट से उबरते हुए 31.75 अंक यानी 0.13 प्रतिशत बढ़कर 24,641.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस, नेस्ले इंडिया,



बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस, मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल और हिंदुस्तान यूनिलीवर में बढ़त दर्ज की गई। दूसरी तरफ जेएसडब्ल्यू स्टील, अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, टाइटन और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'भारतीय बाजार में हल्की हलचल देखने को मिली। यह अमेरिका में खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने से पहले वैश्विक बाजारों की मिली-जुली धारणा को दर्शाती है। दरअसल, ये आंकड़े फेडरल रिजर्व के नीतिगत रुख को प्रभावित कर सकते हैं।' व्यापक बाजार में बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.35 प्रतिशत चढ़ा जबकि मिडकैप में 0.25 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में टिकाऊ उपभोक्ता खंड में 0.59 प्रतिशत, औद्योगिक खंड में 0.40 प्रतिशत और वाहन खंड में 0.37 प्रतिशत की तेजी रही। वहीं उपयोगिता, बैंक, बिजली एवं सेवा खंडों में गिरावट दर्ज की गई। स्टॉक्सबॉक्स में वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक अमेय रणदिवे ने कहा, 'बाजार का प्रदर्शन ढीला-ढाला रहा और इसमें बहुत छोटे दायरे में कारोबार देखने को मिला। कारोबारी सौदों की संख्या भी तुलनात्मक रूप से कम रही।' बीएसई पर सूचीबद्ध 2,146 शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 1,840 शेयरों में गिरावट रही और 110 अन्य अपरिवर्तित रहे। इस बीच, बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन 91,110.2 करोड़ रुपये बढ़कर 4,60,46,637.96 करोड़ रुपये हो गया।

## वाणिज्यिक विचारों को आर्थिक प्राथमिकताओं, रणनीतिक जरूरतों के साथ मिलाने की जरूरत: सीतारमण

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को इस बात पर जोर दिया कि भारतीय उद्योग जगत के वाणिज्यिक विचार अर्थव्यवस्था, राष्ट्र की प्राथमिकताओं और रणनीतिक जरूरतों के साथ मेल खाने चाहिए। उद्योग जगत से पिछले दशक में सीखे गए सबक के आधार पर खुद को बदलने का आह्वान करते हुए सीतारमण ने कहा कि आपूर्ति श्रृंखलाएं व्यापक होनी चाहिए, अन्यथा भू-राजनीतिक जोखिम इसे बाधित कर सकते हैं। वित्त मंत्री ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वैश्विक आर्थिक नीति मंच में कहा, 'आज आर्थिक तथा वाणिज्यिक विचारों को अर्थव्यवस्था और उसकी प्राथमिकताओं के साथ राजनीति



और रणनीतिक आवश्यकताओं के साथ मिलाना होगा।' अगले दशक के लिए अर्थव्यवस्था की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए सीतारमण ने कहा कि उद्योग को छोटे तथा मझोले उद्यमों के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे रोजगार सृजन में समान रूप से योगदान देते हुए कैसे बड़ी इकाइयों की मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'जब हम आपूर्ति श्रृंखलाओं को व्यवधान रहित आपूर्ति श्रृंखलाओं में बहाल करने की बात करते हैं, तो हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यह केवल अर्थशास्त्र नहीं है, यह उससे कहीं अधिक है... हमें न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि राजनीतिक तथा रणनीतिक दृष्टि से भी अपने निर्णय स्वयं लेने होंगे।' सीतारमण ने कहा, 'आपूर्ति श्रृंखलाओं को बहाल करना होगा...इन्हें नए सिरे से तैयार करना होगा और इनमें तालमेल बैठाना होगा। आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि यह इस स्तर पर हो कि कोई भी भू-राजनीतिक या रणनीतिक जोखिम हमारे लिए खतरा न बन पाए।'

## केंद्र ने थोक, खुदरा विक्रेताओं के लिए गेहूं का स्टॉक रखने की सीमा को सख्त किया

**नयी दिल्ली :** सरकार ने जमाखोरी रोकने और कीमतों में तेजी पर लगाम लगाने के लिए बुधवार को थोक विक्रेताओं, छोटे और बड़े खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए गेहूं का स्टॉक रखने के मानदंडों को और सख्त कर दिया। खाद्य मंत्रालय ने बयान में कहा, 'गेहूं की कीमतों को कम करने के निरंतर प्रयासों के तहत केंद्र सरकार ने 31 मार्च, 2025 तक लागू गेहूं की स्टॉक सीमा को संशोधित करने का फैसला किया है।' संशोधित मानदंडों के अनुसार, थोक विक्रेताओं को अब 2,000 टन के बजाय 1,000 टन तक गेहूं का स्टॉक रखने की अनुमति होगी। वहीं खुदरा विक्रेता प्रत्येक बिक्री केंद्र पर 10 टन के बजाय पांच टन का स्टॉक रख सकते हैं, जबकि बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेता प्रत्येक बिक्री केंद्र पर 10 टन के बजाय पांच टन गेहूं ही रख सकते हैं। प्रसंस्करणकर्ताओं को अप्रैल, 2025 तक शेष महीनों से गुणा करके अपनी मासिक स्थापित क्षमता के 60 प्रतिशत के बजाय 50 प्रतिशत को बनाए रखने की अनुमति दी जाएगी। गेहूं पर स्टॉक सीमा पहली बार 24 जून को लगाई गई थी और बाद में समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोकने के लिए नौ सितंबर को मानदंडों को कड़ा किया गया था। मंत्रालय ने कहा कि सभी गेहूं भंडारण संस्थाओं को गेहूं स्टॉक सीमा पोर्टल पर पंजीकरण करना और हर शुक्रवार को स्टॉक की स्थिति को अद्यतन करना आवश्यक है। यदि संस्थाओं के पास स्टॉक निर्धारित सीमा से अधिक है, तो उन्हें अधिसूचना जारी होने के 15 दिन के भीतर अपनी मात्रा को निर्धारित स्टॉक सीमा तक लाना होगा।

## भारत में लॉजिस्टिक्स लागत दो साल में घटकर नौ प्रतिशत रह जाएगी: गडकरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारत में लॉजिस्टिक्स लागत दो साल के भीतर घटकर नौ प्रतिशत तक रह जाएगी। बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा, फिलहाल हमारी लॉजिस्टिक्स लागत 14-16 प्रतिशत है... मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि दो साल के भीतर... हमारी लॉजिस्टिक्स लागत नौ प्रतिशत रह जाएगी। इससे हम अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में होंगे। मंत्री ने कहा कि चीन में लॉजिस्टिक्स लागत आठ प्रतिशत है और अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में यह 12 प्रतिशत है। मंत्री ने कहा कि वाहन उद्योग उन महत्वपूर्ण उद्योगों में से एक है जो राज्य सरकारों और केंद्र को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के हिस्से के रूप में



अधिकतम राजस्व दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में वाहन उद्योग की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि निर्माण उपकरण भी इस वाहन उद्योग का हिस्सा हैं। गडकरी ने कहा कि सरकार अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बुनियादी ढांचे का विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि जल, बिजली, परिवहन और संचार ऐसे चार क्षेत्र हैं, जहां सरकार विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

### लैपटॉप, टैबलेट के आयात के लिए नए सिरे से मंजूरी लेनी होगी, 13 दिसंबर से आवेदन शुरू

**नयी दिल्ली :** लैपटॉप और टैबलेट सहित कुछ आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयातकों को अगले साल के लिए नए सिरे से पूर्व-मंजूरी लेनी होगी जिसके लिए 13 दिसंबर से आवेदन किए जा सकेंगे। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की एक सार्वजनिक सूचना के मुताबिक, आयात प्रबंधन प्रणाली (आईएमएस) के तहत इन वस्तुओं के आयात के लिए जारी की गई कोई भी मंजूरी 31 दिसंबर, 2025 तक वैध होगी। अगले साल इन उत्पादों का आयात करने के लिए आयातकों को सरकार से नए सिरे से मंजूरी लेनी होगी। इसके लिए उन्हें कई आवेदन जमा करने की अनुमति है। डीजीएफटी ने 'कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए प्रतिबंधित आईटी हार्डवेयर के आयात के लिए' आयात प्रबंधन प्रणाली को अधिसूचित किया है। इसके पहले सितंबर में सरकार ने लैपटॉप और टैबलेट समेत कुछ आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयात की स्वीकृति प्रणाली को 31 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दिया था।

## सरकार को खुदरा पेट्रोल/डीजल पंप लगाने के लिए 286 पैक्स से आवेदन मिले : अमित शाह

**नयी दिल्ली :** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को संसद को बताया कि अबतक 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 286 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों ने खुदरा पेट्रोल और डीजल बिक्री केन्द्र स्थापित करने के लिए आवेदन किया है। एक प्रश्न के अपने लिखित उत्तर में शाह ने राज्यसभा को बताया कि चार राज्यों की 109 'पैक्स' ने अपने पूरे उपभोक्ता पंपों को खुदरा दुकानों में बदलने पर सहमति जताई है, जिनमें से 45 को पहले ही पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) से आशय पत्र मिल चुके हैं। यह पहल अतिरिक्त राजस्व विकल्प बनाने और उनकी वित्तीय स्थिरता को बढ़ाकर पैक्स को मजबूत करने में मदद करेगी। यह खुदरा दुकानों के संचालन और प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीण युवाओं के लिए महत्वपूर्ण रोजगार के अवसर भी पैदा कर सकती है। मंत्री ने कहा, 'इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में ईंधन को अधिक सुलभ बनाकर, यह कृषि और परिवहन आवश्यकताओं को सुविधाजनक बनायेगा, स्थानीय आर्थिक विकास में योगदान देगा और ऐसी सेवाओं के लिए शहरी केंद्रों पर निर्भरता को कम करेगा।' सरकार ने पीएसी को पेट्रोल व डीजल पंपों की खुदरा डीलरशिप लेने की अनुमति दे दी है और पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने इस संबंध में दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं।

## अमेजन के हॉलिडे टॉय लिस्ट के साथ बनाएं यादगार पल, 24 दिसंबर, 2024 तक रहेगा लाइव

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया ने अपने हॉलिडे टॉय लिस्ट के 8वें संस्करण की घोषणा की है। यह 24 दिसंबर, 2024 तक खरीदारों को खुशी प्रदान करने के लिए एकदम तैयार है। सोच-समझकर विशेषरूप से तैयार किए गए स्टोर में लेगो, हॉट व्हील्स, नर्फ, हैस्ब्रो, स्किलमैटिक्स, बार्बी और अन्य सहित 10,000 से ज्यादा टॉयज और गेम्स ब्रांड्स के 16 लाख प्रोडक्ट्स का विस्तृत चयन प्रदर्शित किया गया है। यह स्टोर परिवारों और उपहार देने वालों के लिए गिफ्ट देने के अनुभव को और बेहतर बनाने पर केंद्रित है। यह हॉलिडे सीजन में प्रत्येक उपहार को यादगार बनाने के लिए खुशियां और एकजुटता साथ में लाता है। राजर्षि गुइन, डायरेक्टर, बुक्स, टॉयज एंड गेम्स, अमेजन इंडिया ने कहा, अमेजन पर 'हॉलिडे टॉय लिस्ट' के 8वें संस्करण को पेश करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है, जो आपकी उपहार देने की सभी जरूरतों के लिए आपका भरोसेमंद डेस्टिनेशन है।

# रेलवे के निजीकरण का प्रश्न नहीं उठता, फर्जी विमर्श न गढ़े विपक्ष: रेल मंत्री

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को विपक्षी दलों को भारतीय रेल के निजीकरण का फर्जी विमर्श गढ़ने के विरुद्ध आगाह करते हुए कहा कि इस परिवहन सेवा के निजीकरण का प्रश्न ही नहीं उठता। उन्होंने लोकसभा में 'रेल (संशोधन) विधेयक, 2024' पर चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि भारतीय रेल का पूरा ध्यान गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर है, वहीं युवाओं को रेलवे में अवसर देने के उद्देश्य से इस समय 58,642 रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। विधेयक पर गत चार दिसंबर को सदन में चर्चा में भाग लेते हुए कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने सरकार पर रेलवे के निजीकरण की दिशा में बढ़ने का आरोप लगाया था। चर्चा में 72 सांसदों ने भाग लिया था। पिछले कई दिन से विभिन्न मुद्दों पर



सदन में गतिरोध के कारण रेल मंत्री का जवाब नहीं हो सका था। बुधवार को रेल मंत्री वैष्णव के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से 'रेल (संशोधन) विधेयक, 2024' को पारित कर दिया। वैष्णव ने चर्चा के जवाब में कहा, ''कई सदस्यों ने निजीकरण होने का विमर्श बनाने की कोशिश की। कृपया फर्जी विमर्श बनाने की कोशिश मत करिए। आपका संविधान वाला फर्जी विमर्श विफल हो चुका है। अब कोई फर्जी विमर्श नहीं गढ़ें।'' उनका कहना था, ''कहीं निजीकरण का कोई प्रश्न नहीं है। मैं हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि कृपया इस फर्जी विमर्श को आगे नहीं बढ़ाएं। रक्षा और रेलवे दो ऐसे विषय हैं, जिन्हें राजनीति से दूर रखकर इन्हें आगे बढ़ाने की जरूरत है।'' रेल मंत्री ने कहा, ''रेलवे का पूरा ध्यान गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर है। रेलगाड़ियों में गैर-एसी डिब्बे दो तिहाई होते हैं और एसी डिब्बे एक तिहाई हैं...करीब 12,000 नए सामान्य कोच बनाए जा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि हर ट्रेन में जनरल डिब्बे ज्यादा हों।'' उनके अनुसार, रेलवे सुरक्षा पर पूरा जोर दिया गया है और व्यापक पैमाने पर काम हुआ है। मंत्री ने कहा कि 1.23 लाख किलोमीटर लंबी पुरानी पटरियों को बदला गया है तथा नई प्रौद्योगिकी का सहारा भी लिया गया है।

## सभी प्रतीक्षा सूची वाले टिकटों को रद्द करने पर 'क्लर्केज' शुल्क लगाया जाता है

सरकार ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि रेल मंत्रालय सभी प्रतीक्षा सूची वाले टिकटों पर 'क्लर्केज' शुल्क लगाता है और रद्दीकरण सहित सभी स्रोतों से प्राप्त राजस्व का उपयोग रखरखाव एवं संचालन से संबंधित कार्य व्यय के लिए किया जाता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रतीक्षा सूची वाले टिकटों पर रद्दीकरण शुल्क के बारे में पूछे गए सवालों के लिखित जवाब में कहा, ''रेल यात्री (टिकट रद्दीकरण और किराया वापसी) नियम 2015 के अनुसार आईआरसीटी की वेबसाइट के माध्यम से रद्द किए गए सभी प्रतीक्षा सूची वाले टिकटों को रद्द करने पर क्लर्केज शुल्क लगाया जाता है।''

## यात्री सेवाओं के लिए नया ऐप विकसित कर रहा है रेलवे

सरकार ने बुधवार को लोकसभा को सूचित किया कि रेल मंत्रालय एक नया मोबाइल ऐप्लिकेशन विकसित कर रहा है, जो उपयोगकर्ताओं को अनारक्षित ट्रेन टिकट बुक करने, शिकायत दर्ज करने और रेलगाड़ियों को ट्रैक करने में सक्षम बनाएगा। तेलुगुदेशम पार्टी के सांसद बी के पार्थसारथी और बी. नागराजू ने रेल सेवाओं के लिए 'सुपर ऐप' लॉन्च करने की सरकार की योजना का मुद्दा उठाया। उन्होंने यह भी जानना चाहा कि ऐप को व्यावसायिक उपयोग के लिए कब तक लॉन्च किया जाएगा और ऐप को विकसित करने की लागत कितनी होगी।

## कश्मीर को कन्याकुमारी से जोड़ने वाली रेल परियोजना तैयार, चार महीने में चलेगी रेलगाड़ी

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि कश्मीर को कन्याकुमारी से जोड़ने वाली रेल परियोजना तैयार हो गई है और अगले चार महीने के अंदर इस पर रेलगाड़ी चलेगी। वैष्णव ने लोकसभा में 'रेल (संशोधन) विधेयक, 2024' पर सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, ''वर्षों से जिस परियोजना के पूरे होने की प्रतीक्षा थी, कश्मीर को कन्याकुमारी से जोड़ने वाली वह परियोजना तैयार हो गई है। परीक्षण और सुरक्षा प्रमाणन की प्रक्रिया चल रही है।'' रेल मंत्री ने कहा कि आगामी चार महीने के अंदर इस पर रेलगाड़ी चलेगी और यह भारत की बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

## रेलवे में 58,642 खाली पड़े पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है

केंद्र सरकार को रेलवे में युवाओं को अधिक से अधिक अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध बताते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि रेलवे में 58,642 रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। रेल मंत्री ने लोकसभा में 'रेल (संशोधन) विधेयक, 2024' पर सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही। उनके जवाब के बाद सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। वैष्णव ने कहा, ''मैं स्पष्ट रूप से बताना चाहूंगा कि संप्रग सरकार के समय 4,11,000 लोगों को रेलवे में नौकरी मिली थी, जबकि मोदी सरकार में 5,02,000 युवाओं की भर्ती रेलवे में की गई है।'' उन्होंने कहा कि रेलवे में 58,642 रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में रेलवे नौजवानों को अधिक से अधिक अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### वैवाहिक बलात्कार को अपराध की श्रेणी में लाने का कोई प्रस्ताव नहीं : सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने बुधवार को कहा कि वैवाहिक बलात्कार को अपराध की श्रेणी में लाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी पुरुष द्वारा अपनी 18 साल से अधिक उम्र की पत्नी के साथ यौन संबंध बनाना या उनके बीच यौन कृत्यों को अपराध मानने का कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 74, 75, 76 और 85 तथा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 में पर्याप्त उपाय का प्रावधान है, जिसमें दंडात्मक परिणाम भी शामिल हैं, ताकि विवाह संस्था में महिला के अधिकार और सम्मान की रक्षा हो सके।

### भारत में मलेरिया के मामलों और मृत्यु दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है : डब्ल्यूएचओ

**नयी दिल्ली :** भारत में मलेरिया के मामलों और मृत्यु दर में उल्लेखनीय गिरावट आयी है तथा 2024 तक आधिकारिक रूप से वह मलेरिया से ग्रस्त देशों के उच्च जोखिम उच्च प्रभाव (एचबीए-चआई) समूह से बाहर निकल जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की बुधवार को जारी विश्व मलेरिया रिपोर्ट में यह जानकार दी गयी। भारत में मलेरिया के मामले 2017 में 64 लाख से 69 प्रतिशत घटकर 2023 में 20 लाख हो गए। इसी प्रकार, इसी अवधि में मलेरिया से होने वाली अनुमानित मौत 11,100 से घटकर 3,500 (68 प्रतिशत की कमी) रह गयी। डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में 2023 में आठ देश सबसे ज्यादा मलेरिया से प्रभावित रहे, जिनमें 40 लाख मामले दर्ज किए गए। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में इस क्षेत्र में दर्ज किए गए मलेरिया के अनुमानित मामलों में से आधे भारत में थे, इसके बाद इंडोनेशिया में दर्ज किए गए जहां लगभग एक तिहाई मामले थे। क्षेत्र में मलेरिया से होने वाली मौतों में अनुमानतः 82.9 प्रतिशत की कमी आई है, जो 2000 में 35,000 से घटकर 2023 में 6,000 हो गयी है।

### वायुसेना के जवान ने ड्यूटी के दौरान आत्महत्या की

**नागपुर :** वायुसेना के एक सार्जेंट ने ड्यूटी के दौरान अपने सरकारी हथियार से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। गिट्टिखदान थाने के एक अधिकारी ने बताया कि हरियाणा में भिवानी के रहने वाले जयवीर सिंह (36) ने मंगलवार देर रात करीब दो बजे अपनी सरकारी हथियार से खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर वायुसेना नगर स्थित मेंटेनेंस कमांड सेंटर में मौजूद साथी जवान सतर्क हो गए और उन्होंने देखा कि सिंह खून से लथपथ पड़े हैं। अधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है। सिंह के सहकर्मियों ने पुलिस को बताया कि वह पिछले दो दिनों से तनाव में दिख रहे थे। अधिकारी ने बताया कि आत्महत्या के वास्तविक कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। हालांकि, रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि आत्महत्या के लिए तनाव को जिम्मेदार मानने की खबरें जल्दबाजी हैं।

## आईएमटीएमए बेंगलुरु में अगले जनवरी करेगा सबसे बड़ा मशीन टूल और मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी शो का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** इमटेक्स 2025, इसके साथ आयोजित होने वाले टूलटेक और डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग शो के साथ कई मानकों पर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। भारतीय मशीन टूल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईएमटीएमए) द्वारा बेंगलुरु इंटरनेशनल एक्सहिबिशन सेंटर में 23-29 जनवरी 2025 तक आयोजित होने जा रहा है। इमटेक्स 2025 में 90 हजार वर्ग मीटर प्रदर्शनी क्षेत्र रहेगा। जिसमें 1100+ प्रदर्शक, 23 देशों की भागीदारी, 2000+ व्यापार प्रतिनिधिमंडल, 1 लाख+ व्यापारिक आगंतुक शामिल होंगे। यह प्रदर्शनी सीएनसी मशीनीकरण, टूलिंग, ऑटोमेशन, रोबोटिक्स, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, सीएडी/कैम, मेट्रोलॉजी, और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजीज के अत्याधुनिक समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित करेगी। शो के बारे में बताते हुए राजेंद्र एस. राजामने, अध्यक्ष-आईएमटीएमए कहते हैं, इमटेक्स भारतीय मशीन टूल उद्योग के लिए एक बहुप्रतीक्षित शो है क्योंकि यह कंपनियों के लिए नए उत्पाद लॉन्च करने, विभिन्न मैन्युफैक्चरिंग उद्योगों के लिए अपनी तकनीकी प्रगति प्रस्तुत करने का एक उपयुक्त मंच है।

## लोकसभा: सिंधिया के खिलाफ कल्याण बनर्जी की टिप्पणी पर हंगामे के बीच बैठक स्थगित

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में बुधवार को तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी की केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को लेकर की गई टिप्पणी पर सत्ता पक्ष के सदस्यों के शोर-शराबे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार कुछ देर के स्थगन के बाद तीसरी बार दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। बनर्जी ने सदन में 'आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024' पर चर्चा में भाग लेते हुए केंद्र सरकार पर कोरोना महामारी के दौरान पश्चिम बंगाल की सरकार को मदद नहीं करने का आरोप लगाया और जब केंद्रीय नागर विमानन मंत्री सिंधिया ने उनकी बात का विरोध किया तो दोनों पक्षों में



तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। बनर्जी ने सिंधिया के खिलाफ कोई टिप्पणी की और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तृणमूल कांग्रेस सदस्य के कुछ शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटाने का निर्देश दिया। तृणमूल कांग्रेस और सत्ता पक्ष के सदस्यों के बीच तकरार के कारण पहले सदन की कार्यवाही चार बजकर 10 मिनट पर आधे घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी। कार्यवाही पुन: शुरू हुई तो बनर्जी ने अपनी टिप्पणी के लिए सिंधिया से माफी मांगी, लेकिन केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह अपने खिलाफ निजी हमले और भारत की महिलाओं के खिलाफ बयान पर विपक्षी सांसद की माफी स्वीकार नहीं कर रहे।

पूर्व रेलवे

नीलामी आमंत्रण सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा 05 वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तहत 'बी' कैटेगरी स्टेशनों पर 02 मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस), 'सी' कैटेगरी स्टेशनों पर 63 मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) और 'डी' कैटेगरी स्टेशन पर 01 मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से देखें। **ऑक्शन कैटलॉग सं.: एमपीएस-डीईसी26-24, कैटेगरी: एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल। क्रम सं., लॉट सं. एवं अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैं: **एए/1**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जेओएक्स-एमपीएस-14-23-1 (आरक्षित), 26.12.2024, 11.30 बजे, **एए/2**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-सीडीई-एमपीएस-26-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 26.12.2024, 11.40 बजे, **एए/3**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एलओके-एमपीएस-37-23-1 (अनारक्षित-सबके लिए खुला), 26.12.2024, 11.50 बजे, **एए/4**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीएसई-एमपीएस-44-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 26.12.2024, 12.00 बजे, **एए/5**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-आरएसएलआर-एमपीएस-45-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 26.12.2024, 12.10 बजे, **एए/6**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीसीजीएम-एमपीएस-57-23-1(आरक्षित), 26.12.2024, 12.20 बजे, **एए/7**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीकेआर-एमपीएस-83-24-1 (अनारक्षित-सबके लिए खुला), 26.12.2024, 12.30 बजे, **एए/8**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीकेआर-एमपीएस-84-24-1 (आरक्षित), 26.12.2024, 12.40 बजे, **एए/9**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीजीएफ-एमपीएस-20-23-1 (अनारक्षित-सबके लिए खुला), 26.12.2024, 12.50 बजे, **एए/10**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीआरपीए-एमपीएस-23-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 26.12.2024, 13.00 बजे, **एए/11**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जीआरपी-एमपीएस-28-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 26.12.2024, 13.10 बजे, **एए/12**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एलकेक्स-एमपीएस-62-23-1(आरक्षित), 26.12.2024, 13.20 बजे, **एए/13**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसएमई-एमपीएस-67-23-1(आरक्षित), 26.12.2024, 13.30 बजे, **एए/14**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-केक्यू-एमपीएस-76-24-2(आरक्षित), 26.12.2024, 13.40 बजे, **एए/15**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीएसई-एमपीएस-7-23-1(आरक्षित), 26.12.2024, 13.50 बजे, **एए/16**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीएचएलए-एमपीएस-9-23-1(आरक्षित), 26.12.2024, 14.00 बजे, **एए/17**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जीबीआरए-एमपीएस-12-23-1(आरक्षित), 26.12.2024, 14.10 बजे, **एए/18**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एमयूजी-एमपीएस-17-23-1(आरक्षित), 26.12.2024, 14.20 बजे, **एए/19**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-डीबीपी-एमपीएस-58-23-1(आरक्षित), 26.12.2024, 14.30 बजे, **एए/20**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीएएचडब्ल्यू-एमपीएस-3-23-1(आरक्षित), 26.12.2024, 14.40 बजे, **एए/21**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एचआईएच-एमपीएस-13-23-1(आरक्षित), 26.12.2024, 14.50 बजे, **एए/22**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीएमएई-एमपीएस-25-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 26.12.2024, 15.00 बजे, **एए/23**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एचवाईजी-एमपीएस-31-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 26.12.2024, 15.10 बजे, **एए/24**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-केएमएई-एमपीएस-36-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 26.12.2024, 15.20 बजे, **एए/25**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एमएवाईपी-एमपीएस-39-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 26.12.2024, 15.30 बजे, **एए/26**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीआरएई-एमपीएस-42-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 26.12.2024, 15.40 बजे, **एए/27**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-डीईए-एमपीएस-59-23-1(आरक्षित), 26.12.2024, 15.50 बजे, **एए/28**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसएचबीसी-एमपीएस-68-23-1(आरक्षित), 26.12.2024, 16.00 बजे, **एए/29**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीएलएई-एमपीएस-18-23-1(आरक्षित), 26.12.2024, 16.10 बजे, **एए/30**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जेआरएई-एमपीएस-34-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 26.12.2024, 16.20 बजे, **एए/31**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-केएचएन-एमपीएस-69-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 26.12.2024, 16.30 बजे, **एए/32**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-केजेयू-एमपीएस-61-23-1(आरक्षित), 26.12.2024, 16.40 बजे, **एए/33**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एनकेएल-एमपीएस-64-23-1(आरक्षित), 26.12.2024, 16.50 बजे, **एए/34**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीक्यूवाई-एमपीएस-10-23-1(आरक्षित), 26.12.2024, 17.00 बजे, **एए/35**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीओआई-एमपीएस-21-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 26.12.2024, 17.10 बजे, **एए/36**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जेआईटी-एमपीएस-35-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 26.12.2024, 17.20 बजे, **एए/37**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एमबीई-एमपीएस-40-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 26.12.2024, 17.30 बजे, **एए/38**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसकेजी-एमपीएस-55-23-1(आरक्षित), 26.12.2024, 17.40 बजे, **एए/39**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एनएमबीजी-एमपीएस-72-24-3(आरक्षित), 26.12.2024, 17.50 बजे, **एए/40**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीएलईई-एमपीएस-5-23-1(आरक्षित), 26.12.2024, 18.00 बजे, **एए/41**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-केकेईई-एमपीएस-15-23-1(आरक्षित), 27.12.2024, 10.30 बजे, **एए/42**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-डीएमएलई-एमपीएस-27-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 27.12.2024, 10.40 बजे, **एए/43**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसएलजी-एमपीएस-46-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 27.12.2024, 10.50 बजे, **एए/44**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-टीबीएई-एमपीएस-48-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 27.12.2024, 11.00 बजे, **एए/45**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीएफजेड-एमपीएस-50-23-1(आरक्षित), 27.12.2024, 11.10 बजे, **एए/46**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जेपीक्यू-एमपीएस-52-23-1(आरक्षित), 27.12.2024, 11.20 बजे, **एए/47**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसओई-एमपीएस-56-23-1(आरक्षित), 27.12.2024, 11.30 बजे, **एए/48**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एमडीएसई-एमपीएस-63-23-1(आरक्षित), 27.12.2024, 11.40 बजे, **एए/49**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीबीजेड-एमपीएस-66-23-1(आरक्षित), 27.12.2024, 11.50 बजे, **एए/50**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-टीएके-एमपीएस-74-24-1(आरक्षित), 27.12.2024, 12.00 बजे, **एए/51**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एडीएसटी-एमपीएस-2-23-1(आरक्षित), 27.12.2024, 12.10 बजे, **एए/52**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीजीएई-एमपीएस-4-23-1(आरक्षित), 27.12.2024, 12.20 बजे, **एए/53**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीजीएनए-एमपीएस-6-23-1(आरक्षित), 27.12.2024, 12.30 बजे, **एए/54**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जीएफएई-एमपीएस-11-23-1(आरक्षित), 27.12.2024, 12.40 बजे, **एए/55**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एजीएई-एमपीएस-19-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 27.12.2024, 12.50 बजे, **एए/56**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीजेडएल-एमपीएस-24-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 27.12.2024, 13.00 बजे, **एए/57**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जीपीएई-एमपीएस-29-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 27.12.2024, 13.10 बजे, **एए/58**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-डीटीएई-एमपीएस-32-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 27.12.2024, 13.20 बजे, **एए/59**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एनबीई-एमपीएस-41-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 27.12.2024, 13.30 बजे, **एए/60**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीटीएई-एमपीएस-43-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 27.12.2024, 13.40 बजे, **एए/61**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-टीएलओ-एमपीएस-49-23-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 27.12.2024, 13.50 बजे, **एए/62**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-डीएचएई-एमपीएस-51-23-1(आरक्षित), 27.12.2024, 14.00 बजे, **एए/63**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीजीआरए-एमपीएस-53-23-1(आरक्षित), 27.12.2024, 14.10 बजे, **एए/64**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जीआरएई-एमपीएस-60-23-1(आरक्षित), 27.12.2024, 14.20 बजे, **एए/65**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसएनटी-एमपीएस-79-24-1(अनारक्षित-सबके लिए खुला), 27.12.2024, 14.30 बजे, **एए/66**, एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीपीई-एमपीएस-8-23-1(आरक्षित), 27.12.2024, 14.40 बजे, **रेट यूनिट:** वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क (प्रत्येक हेतु)। **ट्रिप/दिन:** 1826 (प्रत्येक हेतु)। **न्यूनतम वृद्धि (%):** 0.2 ( प्रत्येक हेतु)। **ईएमडी :** 5% ( प्रत्येक हेतु)। **अपेक्षित टर्नओवर :** शून्य ( प्रत्येक हेतु)।

HWH-473/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## राज कपूर की 100वीं जयंती भारतीय सिनेमा के सफर में मील का पत्थर: प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राज कपूर का शताब्दी वर्ष भारतीय सिनेमा के लिए एक स्वर्णिम युग का प्रतीक है। उन्होंने सुझाव दिया कि राज कपूर के परिवार को उनकी अंतरराष्ट्रीय ''सॉफ्ट पावर'' पर एक वृत्तचित्र बनाकर शोमैन की विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए। राज कपूर को अक्सर भारतीय सिनेमा के सबसे महान 'शोमैन' के रूप में संदर्भित किया जाता है। अभिनेता रणबीर कपूर समेत राज कपूर के परिवार के सदस्यों ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी और उन्हें राज कपूर फिल्म महोत्सव में आने का निमंत्रण दिया था।

### सरकार सुधारों के माध्यम से युवाओं की जिज्ञासा का सक्रिय रूप से समर्थन कर रही : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को युवा नवोन्मेषकों से कहा कि सरकार सुधारों के माध्यम से युवाओं की राह में आने वाली बाधाओं को दूर करके उनकी जिज्ञासा और दृढ़ विश्वास को सक्रिय रूप से समर्थन दे रही है। 'स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच)-2024' के ग्रैंड फिनाले में भाग लेने वाले युवा नवोन्मेषकों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संवाद के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस प्रतिबद्धता के साथ वे भारत की समस्याओं के समाधान ढूंढ़ रहे हैं।

## 1,080 करोड़ रुपये का निवेश : डीएसएसएल ने महाराष्ट्र सरकार से मेगा सोलर पीवी प्रोजेक्ट हासिल किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** डायनेमिक सर्विसेज एंड सिक्योरिटी लिमिटेड को महाराष्ट्र सरकार द्वारा एक प्रतिष्ठित मेगा प्रोजेक्ट के लिए प्रस्ताव पत्र दिया गया है। इस परियोजना में 1800 मेगावाट की विशाल उत्पादन क्षमता के साथ सोलर पीवी पैनल के लिए एक नई विनिर्माण इकाई स्थापित करना शामिल है। प्रस्तावित सुविधा एमआईडीसी विलेभगद, ताल-मानगांव, जिला रायगढ़ में स्थापित की जाएगी, जो प्रोत्साहन योजना (पीएसआई) 2019 के तहत नामित 'सी' जोन है। कंपनी ने इस महत्वपूर्ण प्रयास के लिए 1080 करोड़ का निश्चित पूंजी निवेश किया है। इस उपलब्धि पर बोलते हुए, डायनेमिक सर्विसेज एंड सिक्योरिटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक जुगल किशोर भगत ने कहा, यह परियोजना हमारी कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि हम बड़े पैमाने पर सौर पैनल निर्माण में उतर रहे हैं। हमें महाराष्ट्र की हरित ऊर्जा पहलों में योगदान देने पर गर्व है और हम इस क्षेत्र में सतत विकास को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।

## अवैध रोहिंग्या प्रवासी ने पुणे में जमीन खरीदकर बनवा लिया था घर: पुलिस

**पुणे :** भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में इस साल की शुरुआत में गिरफ्तार किए गए म्यांमा के एक रोहिंग्या व्यक्ति ने पुणे के एक इलाके में जमीन खरीदकर रहने के लिए घर भी बनवाया था। यह जानकारी जांच में सामने आई है। जुलाई में पिंपरी-चिंचवाड़ पुलिस ने दो रोहिंग्या दंपतियों को देश में अवैध तरीके से प्रवेश करने और रहने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस के अधिकारी ने बुधवार को बताया कि जांच में पता चला कि उनमें से एक मुजम्मिल खान (45) ने देहू रोड इलाके में 80,000 रुपये में एक छोटा सा भूखंड खरीदा था और अपने सुपारी बेचने के व्यवसाय से होने वाली कमाई से उस पर घर बनवाया था।

## दार्जिलिंग का आकर्षण है 'सेंट्रल हेरिटेज'

प्रियांशु शुक्ल

**दार्जिलिंग :** दार्जिलिंग अपनी प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और ऐतिहासिक महत्त्व के लिए सुप्रसिद्ध है। जीवन की आपा-धापी से दूर, लोग यहाँ अपने प्रियजनों के संग कुछ वक्त बिताने आते हैं। यहाँ पर आकर्षक स्थलों की कमी नहीं है। इन्हीं स्थलों में से एक सेंट्रल हेरिटेज होटल जो पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। यह होटल न केवल अपनी भव्यता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यहाँ का वातावरण भी अतिथियों को एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करता है।सेंट्रल हेरिटेज होटल दार्जिलिंग के ऐतिहासिक केंद्र में स्थित है, जो ब्रिटिश काल के समय से संबंधित है। इस होटल का निर्माण उस समय हुआ था जब ब्रिटिश अधिकारियों और उनके परिवारों के लिए दार्जिलिंग एक प्रमुख अवकाश स्थल हुआ करता था। होटल के भीतर की वास्तुकला और डिजाइन ब्रिटिश काल की शैली को दर्शाती है, जो अब भी अपनी पुरानी चमक को बनाए हुए है। यह होटल दार्जिलिंग के ऐतिहासिक धरोहर के रूप में आज भी जीवित है, और यहाँ आने वाले पर्यटकों को ब्रिटिश काल के ऐतिहासिक वातावरण का



अनुभव कराता है।सेंट्रल हेरिटेज होटल में आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ पारंपरिक काष्ठ वास्तुकला का सुंदर मिश्रण है। यहाँ के कमरे बहुत ही आरामदायक और भव्य होते हैं, जो यात्रियों को पूरी तरह से संतुष्ट रखते हैं। होटल में एक शानदार रेस्तरां, कंफर्टेबल लाउंज और विविध प्रकार की सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। पर्यटकों को यहाँ की सुसज्जित और साफ-सुथरी सुविधाएँ काफी आकर्षित करती हैं। इसके अलावा, यहाँ से दार्जिलिंग के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे टाइगर हिल, बतासिया लूप, और महाकाल मंदिर की सुंदर दृश्यावलियाँ भी देखी जा सकती हैं।दार्जिलिंग एक सुंदर पहाड़ी स्थल है और सेंट्रल हेरिटेज होटल यहाँ के पर्यटन केंद्र के नजदीक स्थित है। पर्यटक यहाँ से दार्जिलिंग के प्रमुख आकर्षण स्थलों की सैर करने के लिए आसानी से पहुँच सकते हैं।

पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना सं.: 53-एसडीएसटीई-एसएन-2024-25, दिनांक 09.12.2024,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल-सीतारामपुर-झाझा शाखा में स्काडा सिस्टम के वर्तमान 12 अति पुराने स्विचिंग पोस्ट आरटीयू की बदली के सिलसिले में टेलीकम कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 85,83,840.55, **बयाना राशि:** रु. 1,71,700/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 180 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 03.01.2025 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/**

ASN-258/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

मेट्रो रेलवे, कोलकाता

**प्रधान मुख्य अभियंता, मेट्रो रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम:** मेट्रो रेलवे, कोलकाता की ब्लू लाइन (केसीईएन से केडीएसडब्ल्यू तक) के उत्तरी खंड में आपातकालीन मार्ग का निष्पादन, सुरंग की संपूर्ण सफेदी, दोषपूर्ण रोलिंग शटर का संपूर्ण प्रतिस्थापन तथा आरसीपीसी स्लैब द्वारा क्षतिग्रस्त आरसीसी कवर स्लैब की आपूर्ति, फिट करना और फिक्स करना। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु.2,90,86,215.77, **बयाना राशि:** रु. 2,95,400/-, **समापन अवधि:** नौ (09) माह। **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 06.01.2025 को 12.00 बजे। निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। किसी संयोजनी/संशोधनी को केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना सं. : सिविल-2501-2024 (खुली)**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

## इंजीनियर आत्महत्या मामला: पीड़ित परिवार ने प्रताड़ित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की

**बेंगलुरु :** कर्नाटक के बेंगलुरु में कथित तौर पर आत्महत्या करने वाले इंजीनियर के परिवार ने उसके लिए न्याय और उसका उत्पीड़न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि बेंगलुरु की एक निजी कंपनी में काम करने वाले अतुल सुभाष ने 24 पन्नों का सुसाइड नोट छोड़ा था, जिसमें उसने वैवाहिक जीवन में लंबे समय से तनाव, उसके खिलाफ दर्ज कई मामलों तथा उसकी पत्नी, उसके ससुराल वालों और उत्तर प्रदेश के एक न्यायाधीश द्वारा प्रताड़ित किए जाने का विस्तृत विवरण दिया है। 'पीटीआई-वीडियो' से बातचीत के दौरान सुभाष के भाई विकास ने कहा, ''मैं



चाहता हूं कि मेरे भाई को न्याय मिले। मैं चाहता हूं कि इस देश में एक ऐसी कानूनी प्रक्रिया हो जिसके जरिए पुरुषों को भी न्याय मिल सके। मैं उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई चाहता हूं जो विधिक पद पर बैठे हैं और भ्रष्टाचार कर रहे हैं, क्योंकि अगर यह जारी रहा तो लोग न्याय की उम्मीद कैसे कर पाएंगे।'' व्यवस्था में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि न्याय की उम्मीद तभी की जा सकती है जब यह भ्रष्टाचार मुक्त हो, जब हर पक्ष को समान रूप से सुना जाए और तथ्यों के आधार पर दलीलें दी जाएं। उन्होंने आरोप लगाया, ''न्याय की उम्मीद तभी की जा सकती है जब तथ्यों के आधार पर निर्णय लिए जाएं और अगर ऐसा नहीं होता है तो लोगों का धीरे-धीरे न्यायिक प्रणाली से विश्वास उठना शुरू हो जाएगा। इससे ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है कि लोग शादी करने से डरने लगेंगे।

### दहेज उत्पीड़न मामलों में कानून का दुरुपयोग रुकना चाहिए, अदालतें सावधानी बरतें: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली:** अपनी पत्नी और ससुराल वालों द्वारा कथित उत्पीड़न के कारण बेंगलूरू के एक आईटी प्रोफेशनल की खुदकुशी की घटना जहां सुर्खियों में है वही सुप्रीम कोर्ट में एक अलग मामले में महिलाओं द्वारा अपने पतियों के खिलाफ दर्ज कराए गए वैवाहिक विवाद के मामलों में क्रूरता कानून के दुरुपयोग के खिलाफ चेतावनी दी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि दहेज उत्पीड़न के मामलों में अदालतों को कानून का दुरुपयोग रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए और पति के सगे-संबंधियों को फंसाने की प्रवृत्ति को देखते हुए निर्दोष परिवार के सदस्यों को अनावश्यक परेशानी से बचाना चाहिए।

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 10.12.2024,** मंडल अभियंता/मुख्यालय, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएँ ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-207-24-25, कार्य का नाम:** बेलवेडियर पार्क ऑफिसर्स एन्क्लेव के कार्य में-एईएन/डब्ल्यू/II/ सियालदह के क्षेत्राधिकार में एसएसई/वर्क्स/ बीएलवीडी के अधीन लकड़ी की सीढ़ी को बदलने के साथ आरसीसी द्वारा पुरानी क्षतिग्रस्त छत का पुनर्निर्माण एवं पानी की आपूर्ति का प्रावधान आदि। **निविदा मूल्य:** रु. 1,93,11,067.53, **बयाना राशि:** रु. 2,46,600/-, **कार्य की समापन अवधि:** 18 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 06.01.2025 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 06.01.2025 को 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्तावों को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-272/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/626, दिनांक 10.12.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं : **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3177-आर, कार्य का नाम :** हावड़ा मंडल की खाना-गुमानी शाखा में स्थित मुरारई स्टेशन पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 32 के स्थान में आरयूबी का निर्माण। **निविदा मूल्य :** रु. 15,23,365/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 30,500/-, **समापन अवधि:** 180 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 31.12.2024 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।

HWH-476/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter




वर्ष 9, पूर्णांक 4086 अंक 236, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in